तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025



11 दीक्षारंभ में नियमित शैक्षणिक भागीदारी की जरुरत पर बल





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास शराब बिक्री करने वाले को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके कब्जे से 566 पौवा देशी मदिरा जब्त की गई। गुरुवार की सुबह 9 बजे मुखबिर की खबर पर वीरेन्द्र सिंह निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी विरेन्द्र सिंह के कब्जे से घर में छिपा कर रखी 391 नग शोले देशी मसाला, 1 प्लास्टिक बोरी में 98 नग शोले देशी प्लेन, थैला में 77 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 566 पौवा मदिरा जब्त की गई। शराब की कीमत 59330 रुपए आंकी गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### बारिश नहीं होने से तापमान 3 डिग्री ज्यादा , उमस बढ़ी

**भिलाई।** बारिश नहीं होने से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा पहुंच गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 8 अगस्त को कहीं कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। लेकिन अच्छी बारिश की उम्मीद अभी नहीं है। 12 अगस्त से ही बारिश फिर से वापस लौट सकती है। जिससे अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है।

सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# युवक ने हनुमान मंदिर और तुलसी चौरा में की तोड़फोड़, थाने में जमकर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई में जामुल थाना अंतर्गत घासीदास नगर स्थित अटल आवास के पास गुरुवार सुबह 9.30 बजे मुस्लिम धर्म के युवक ने हनुमान मंदिर और घर के बाहर बने तुलसी चौरा में तोड़फोड़ किया। मोहल्ले के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया। सूचना मिलने के बाद छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोग भी वहां पहुंच गए। उन्होंने जामुल थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के संयोजक रवि निगम ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले मुस्लिम धर्म के युवक अब्दुल शहजाद, सरफराज और उसके बेटे ने लोगों के घरों के बाहर मौजूद तुलसी चौरा को लात मारकर तोड़ा और नालियों में गिरा दिया। इसके साथ ही उसने पीपल पेड़ के नीचे स्थित शिव और हनुमान मंदिर में भी तोड़फोड़ की। जब लोगों ने उसका विरोध किया तो एक युवक मोहल्ले की महिलाओं के सामने अपने कपड़े भी उतार कर खड़ा हो गया। यह घटना देख बाद पूरा मोहल्ला वहां इक्टठा हो गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जामुल पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंची। पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया और थाने लेकर पहुंची। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 298, 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### थाने का घेराव कर किया जमकर हंगामा

छत्तीसगढ़ बजरंग दल के साथ मोहल्ले के लोगों ने जामुल थाने का घेराव कर दिया। इसके बाद उन्होंने वहां जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। लोगों ने मांग की सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही उनका जुलूस निकाला जाए।

### छावनी में बदल गया थाना,लेकिन नहीं डरे लोग

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया, लेकिन मोहल्ले के लोग आरोपियों को मुह काला कर जुलूस निकालने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। इसके बाद एडिशनल एसपी पद्मश्री तंवर, सीएसपी छावनी हरीश पाटिल, डीएसपी हेमप्रकाश नायक, डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी सहित तीन थाना के प्रभारी और पुलिस पूरे बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब ढाई बजे के बाद पुलिस आरोपी को पीछे के रास्ते से कोर्ट में पेश करने ले गई। जब लोगों को पता चला कि आरोपियों को कोर्ट भेजा जा चुका है तो फिर सभी घर लौट गए।

### पुलिस ने जब्त किया सीसीटीवी फुटेज

सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि जिस तरह हिन्दू भावानाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया है वो गलत और गैर कानूनी है। आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज सामने आ चुका है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। सामाजिक सुरक्षा को देखते हुए आरोपियों का जुलूस नहीं निकाला गया।

### मस्जिद कमेटी का बयान आया सामने

पार्षद और भाजपा नेता पीयुष मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद उस एरिया की मस्जिद कमेटी का बयान आया है। कमेटी ने बताया है कि आरोपी न तो उनकी मस्जिद में आता-जाता है और न ही समाज में उसका कहीं आना जाना है। उन्होंने कहा कि आरोपी पर कार्रवाई करने के लिए मुस्लिम समाज भी पुलिस को आवेदन देगा।

# बीएमडब्ल्यू से गर्लफ्रैंड के साथ गए थे पार्टी मनाने ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत, युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई से राजनांदगांव सोमनी पार्टी मनाने गए एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। उसके साथ उसके तीन अन्य दोस्त और तीन महिला मित्र भी थीं। दुर्घटना में एक





मृतक की गर्लफ्रैंड का पैर टूट गया, जिसका इलाज बीएम शाह हॉस्पिटल में चल रहा है।

सोमनी थाने से प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया की दुर्घटना बुधवार देर रात की है। रिसाली निवासी केवल सिंह रंधावा उर्फ बादल (33 साल) भिलाई निवासी अपने दोस्त नितीश पाण्डेय, कुंदन सिंह और संतोष चौहान के साथ बीएमडब्लू कार से पार्टी मनाने सोमनी थाना अंतर्गत किसी ढाबे में गए थे। उनके साथ उनकी तीन महिला मित्र भी थीं। सभी संतोष चौहान की बीएमडब्ल्यू कार डीएल-1 सीटी 9155 में गए थे।

गाड़ी केवल चला रहा था। इसी दौरान केवल का उसकी गर्लफ्रैंड से झगड़ा होने लगा। नशे में उसने नेशनल हाइवे के किनारे कार को खड़ा कर दिया। कार का आधा हिस्सा पटरी और आधा सड़क पर था। केवल कार का गेट खोलकर अपनी गर्लफ्रैंड से बहस कर रहा था इसी दौरान एक तमिलनाडु पासिंग ट्रक आया कार के गेट को टक्कर मारता हुआ निकल गया। इससे कार के अंदर बैठ मित्र तो बच गए, लेकिन केवल और उसकी गर्लफ्रैंड दूर जा गिरे।

केवल को गंभीर हालत में हाईटेक अस्पताल स्मृति नगर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं महिला मित्र का इलाज बीएम शाह चल रहा है। उसका पैर टूटा है और कई जगह चोटें आई हैं। सोमनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक और पार्टी मनाने गए युवक नशे में थे या नहीं इस एंगल की भी जांच की जा रही है। सोमनी पुलिस ट्रक को जप्त कर चालक से दुर्घटना के मामले की पूछताछ कर रही है।

### पुलिस खंगाल रही महादेव का एंगल

पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जो लोग पार्टी मनाने गए थे उसमें कुछ महादेव बुक चलाने के भी आरोपी हैं। पुलिस फिलहाल मर्ग और दुर्घटना की जांच कर रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इनमें कुछ लड़के महादेव बुक चलाने के आरोपी रह चुके हैं। एक आरोपी सट्टा के मामले में मध्य प्रदेश की जेल में बंद था। इसलिए पुलिस उस एंगल को भी तलाश रही है।

# दुर्ग पुलिस के नव आरक्षक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग पुलिस के नव आरक्षक सुरेश साहू ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय सुरेश साहू के पिता पुलिस में थे। उनकी मृत्यु के बाद उसे अनुकंपा नियुक्त मिली थी। ट्रेनिंग ना मिलने से उसकी पोस्टिंग पुलिस लाइन में नव आरक्षक के रूप में की गई थी। यहां वो अपनी पत्नी के साथ रहता था। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर सुरेश की पत्नी राखी छोड़ने के लिए गई थी। दोपहर 12 बजे लौटने पर देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है। जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पीछे के दरवाजे से झांककर देखा तो सुरेश फंदे पर झूल रहा था। पत्नी ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी आए। रस्सी को चाकू से काटा और सुरेश को फंदे से नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



### नहीं मिला सुसाइड नोट

थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि उन्हें बॉडी से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को अभी ये पता नहीं चल पाया है कि कांस्टेबल ने सुसाइड क्यों किया। उसके परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पत्नी पति की मौत के बाद से सदमे में है, उसके ठीक होने पर पुलिस उससे भी पूछताछ करेगी।

# अनुकंपा नियुक्ति मामले में ननि का बाबू किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग में में लंबे समय से अनुकंपा नियुक्ति फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है। मामले को लेकर शिकायत भी होती रही है, लेकिन विभागीय जटिल प्रक्रिया और जांच के लेटलतीफी के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ लोक आयोग द्वारा उठाए गए जांच प्रकरण में निगम के सहायक ग्रेड-03 पदस्थ भूपेन्द्र उर्फ शुभम गोईर को अनियमित अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति के मामले में दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही उप संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ द्वारा 23 अगस्त 2023 को जारी निर्देशों के तहत की गई। जिसमें संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के जांच प्रतिवेदन के आधार पर स्पष्ट रूप से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भूपेन्द्र गोईर को कारण बताओ नोटिस 31 जुलाई 2025 को जारी किया गया था, जिसके जवाब में 6 अगस्त को प्रस्तुत प्रतिवेदन को असंतोषजनक मानते हुए छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के अंतर्गत उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।



# मंत्रालय में बाबू बताकर 6 जिलों में नौकरी लगाने के नाम से ठगी करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मंत्रालय में खुद को बाबू बताकर लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर ठगने वाले को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में ढालसिंह वर्मा ने शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि 6 मार्च 2020 को आरोपी साबास खान के साथ ढालसिंह का परिचय हुआ। पोस्ट



ऑफिस में सरकारी नौकरी लगने के नाम पर नगद एवं बैंक के माध्यम से 3094000 हजार रुपए लिए। मामले में स्मृति नगर पुलिस चौकी में अपराध दर्ज किया गया। आरोपी साबास खान की तलाश में पुलिस टीम महासमुंद भेजी गई। स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी साबास खान के घर में दबिश देकर पकड़ा गया। साबास के खिलाफ दर्री थाना कोरबा और गोलबाजार रायपुर, कोतवाली महासमुंद, बसंतपुर राजनांदगांव, छुरा गरियाबंद में अपराध दर्ज है। आरोपी साबाश खान पिता बाजखान उम्र 48 नयापारा वार्ड 6 बजंरग पारा महासमुंद का रहने वाला है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### खुर्सीपार रेलवे फाटक आज से तीन दिनों तक रहेगा बंद

**भिलाई।** खुर्सीपार रेलवे फाटक 8 अगस्त की सुबह 8 बजे से 13 अगस्त की सुबह 8 बजे तक बंद रहेगा। रायपुर रेलवे मंडल द्वारा यह जानकारी जारी की गई है। इस दौरान मेंटेनेंस से जुड़े कार्य किए जाएंगे। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

मामले को दबाने स्कूल प्रबंधन ने पालक पर बनाया दबाव

# डीएवी स्कूल के क्लास रूम में गिरा फैन, एक छात्रा हुई घायल, गेट फांदकर पुलिस पहुंची स्कूल के अंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई सेक्टर 2 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां क्लास के दौरान क्लास रूम में लगा सीलिंग फैन अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इससे एक छात्रा उसकी चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई। चौकाने वाली बात यह थी कि स्कूल की प्रिंसिपल ने मामले को दबाने का प्रयास किया और क्लास के सभी स्टूडेंट्स को धमकी दी इस घटना की बाद किसी को नहीं बताना है। भट्टी पुलिस मामले की जांच कर रही है।



भट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह सूचना मिली थी कि डीएवी पब्लिक स्कूल के एक क्लासरूम में सीलिंग फैन गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। भट्टी थाना पुलिस भी सूचना मिलते ही वहां पहुंची। पुलिस कर्मियों ने जब स्कूल का गेट खोलने की बात कही तो किसी ने गेट नहीं खोला। इस पर पुलिस कर्मी स्कूल का गेट फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने बड़ी मसक्कत के बाद क्लासरूम का दरवाजा खुलवाया। जांच करने पर पता चला कि क्लासरूम में लगा पंखा हुक सहित नीचे गिरा पड़ा था।

इस घटना में सीधे तौर पर स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। यहां खड़े कुछ पैरेंट्स का कहना था कि मैंटेनेस के नाम पर स्कूल मोटी फीस वसूलता है, लेकिन मेंटेनेस नहीं कराता। इधर घटना के बाद छात्रा को प्रिंसिपल निजी अस्पताल ले गई। जहां उसका उपचार कराया गया, लेकिन पैरेंट्स पर स्कूल प्रबंधन ने इतना दबाव डाला कि वह पुलिस के पास कोई शिकायत दर्ज कराने तैयार नहीं हुए।

### पिछले साल भी गिरा था सीलिंग फैन

डीएवी स्कूल में पंखा गिरने की ये पहली घटना नहीं है। एक साल पहले इसी स्कूल के क्लासरूम में सीलिंग फैन गिरा था। उसमें भी एक छात्र को मामूली चोट आई थी। उस मामले को भी प्रबंधन ने पूरी तरह से दबाने का प्रयास किया था। उस वक्त जिला शिक्षा अधिकारी की टीम भी घटना की जांच करने पहुंची थी। फिलहाल शिकायत नहीं मिलने के कारण भट्टी थाना पुलिस भी स्कूल से वापस लौट गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर वो जांच करेगी।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### नशीला पदार्थ बेचने व चाकूबाजी करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**दुर्ग।** जिले में अपराध को रोकथाम के लिए पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत अभियान चलाकर कार्रवाई की। चाकूबाजी करने वालों, नशीला पदार्थ बेचने वालों सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियां करने वालों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान सुपेला में 2 सामंत रामटेके, राहुल चौरसिया, दुर्ग में राज सारथी, मोहन नगर में 2 राहुल गाड़ा एवं करण कन्नौजे, उतई में 3 अमित यादव, आकाश सिंह एवं शिवानी गिरी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सुपेला में 3 मनिन्दर सिंह, पूरन चौहान एवं विजय महतो, भिलाई नगर में 3 राजेन्द्र, जयप्रकाश एवं सन्नी जैन के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उतई में 2 भोजा बाई एवं अजय कुमार को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। चाकूबाजी करने वालों एवं नशीला पदार्थ बेचने वालों में सुपेला में 10, भिलाई नगर में 6, मोहन नगर में 8, दुर्ग में 2, छावनी में 4, जामुल में 2, उतई में 6, पाटन में 4 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### राजेश को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक संगीतकार स्व. खुमान लाल साव की स्मृति में राष्ट्रीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन इंटरग्रेटेड ग्लोबल विश्वविद्यालय दिल्ली में किया गया। प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान भिलाई के प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उनके समाज सेवा के लिए मिला है। डॉ. पाण्डेय पिछले 25 साल से श्रवण दिव्यांग बच्चों को उच्च शिक्षण प्रदान करने अपनी अहम भूमि निभा रहे हैं।



# कैदियों को डेयरी संचालन के लिए ट्रेनिंग, ताकि जेल से छूटकर बन सकें आत्मनिर्भर

## कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा द्वारा केंद्रीय जेल दुर्ग में कैदियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

केंद्रीय जेल दुर्ग के कैदियों को कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा ने डेयरी संचालन का प्रशिक्षण दिया। ताकि जेल से छूटने के बाद वे अपराध से तौबा कर आत्मनिर्भर बन सकें। कैदियों को तीन दिवसीय गौपालन एवं गौशाला प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्ट एवं केचुआ का महत्व, जीवामृत बनाने की विधि जैविक कीट नियंत्रक बनाने की विधि एवं दुग्ध प्रसंस्करण तथा पनीर एवं मस्तू पेय पदार्थ बनाने की विधि की प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ. धीरेन्द्र भोंसले एवं सहयोगी डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. यशवंत अट्भैया, डॉ. उमेश कुमार पटेल, रामसुख साहू तथा जेल प्रशासन में जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर, उपनिरीक्षक उद्योग अशोक कनौजिया तथा अन्य सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

### बंदियों और कैदियों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित, जरूरी जानकारी दी

इस प्रशिक्षण के माध्यम से बंदियों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. धीरेन्द्र भोंसले ने कैदियों ने बताया कि इस प्रकार के तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण द्वारा कैदियों को सजा पूरी होने के बाद आत्मनिर्भर बनने में एवं उनके पुनर्वास में कारगर उपाय सिद्ध हो सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से मन रचनात्मक गतिविधियों में लगा रहता है, जिससे नकारात्मक सोच एवं गतिविधियों में कमी आती है। प्रशिक्षण का उद्देश्य कैदियों में सुधार लाकर उन्हें समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त करना है।



### कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास

जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर ने कहा कि जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर कैदियों हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिससे वे जेल से बाहर आने के बाद अपनी आजीविका चला सकें एवं अपराध की दुनिया में वापस न जाएं। कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि यहां से छूटने के बाद वे सामान्य जीवन जी सकें। रोजगार से जुड़कर अपराध से तौबा कर लें।

## जीई रोड नाली निर्माण व पोल बदलने में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आयुक्त को घेरा

# शहर सरकार के मंत्री बोले : जीई रोड नाली निर्माण व पोल में हुआ भ्रष्टाचार, विकास के लिए पैसा क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई निगम में कांग्रेस की सरकार है लेकिन विकास व भ्रष्टाचार के मामले में उनके ही मंत्री नाराज हैं। गुरुवार को हुई एमआईसी की बैठक में शहर मंत्री केशव चौबे ने इस मुद्दे पर जमकर फायर किया।

उनका कहना रहा कि पटरीपार के वार्डों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जब विकास कार्य की बात आती है तो कहते हैं कि पैसे नहीं है। भ्रष्टाचार करने के लिए कहां पैसे आ जाते हैं। चौबे ने आयुक्त को घेरते हुए कहा कि जीई रोड में नाली निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच आपने करवाई लेकिन दोषी अधिकारियों व ठेका एजेंसी पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस सवाल पर आयुक्त राजीव पांडेय ने जवाब दिया कि जांच करवाई जा रही है। रिपोर्ट अभी मेरे पास प्रस्तुत नहीं की गई है।


खतरे में जान... क्योंकि नाली निर्माण के दौरान सड़क किनारे खु... में सरिया, जगह-जगह गड्ढे, सेफ्टी उपाय कुछ न...

### जो पोल बदलने लायक नहीं वे भी बदल दिए

शहर मंत्री केशव चौबे ने बिजली पोल का मुद्दा भी उठाया। उन्होने कहा कि जो पोल बदलने लायक नहीं थे वे भी बदल दिए गए हैं। पुराने बिजली पोल आखिर गए कहां। जिस केटेगरी के पोल लगाए गए हैं वे लो केटेगरी का है। इस भ्रष्टाचार की भी जांच होनी चाहिए। वार्डों में बुनियादी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। रोड, नाली और पुलिया निर्माण की मांग करते हैं तो आप कहते हैं कि विकास के लिए पैसे नहीं है। डामरीकरण व सीमेंटीकरण के काम भी नहीं हो रहे हैं।

### महापौर नीरज पाल ने कहा कि मेरा फोन आयुक्त क्यों नहीं उठाते

एमआईसी के दौरान शहर मंत्री केशव चौबे के इन मुद्दों को उठाने के दौरान महापौर नीरज पाल खामोश रहे। लेकिन जब आयुक्त की बात आई तो उन्होने मंत्रियों से कहा कि आयुक्त मेरा भी फोन नहीं उठाते।

**पार्टी से पहले जनता**

मेरे लिए पार्टी से जनता सर्वोपरि है। जनता ने मुझे चुनकर भेजा है। वो वार्ड में विकास चाहती है। हम बुनियादी सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं और निगम के अधिकारी बड़े-बड़े भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लगातार मांग करने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती। इसलिए नाराजगी दिखाई। -**केशव चौबे**, शहर मंत्री

## गोबर से बॉयोगैस प्लांट सहित 19 मुद्दों पर चर्चा

**भिलाई।** महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में नगर निगम की महती योजना गोकुल नगर में निकलने वाले गोबर से

- फंड को लेकर चर्चा

बायो गैस प्लांट स्थापित किए जाने सहित परिषद ने अन्य प्रस्ताओं को स्वीकृति प्रदान की है। महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष 19 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट की स्थापना, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया दर निर्धारण एवं निजी भवनों/भूमियों के स्वत्वाधिकार के अंतरण के शुल्क में वृद्धि हेतु महापौर परिषद के सदस्यों से अपनी सहमति प्रदान की।


गुरुवार को महापौर नीरज पाल ने महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर सदस्यों के साथ चर्चा की

### जवाहर मार्केट के उन्नयन को मंजूरी

बैठक में वार्ड 59 सेक्टर 5 सड़क 3 स्थित वाटर एटीएम की स्थानांतरण, सक्शन कम जेटिंग मशीन 9000 लीटर का किराया निर्धारण एवं जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य को मंजूरी दी गई। जलकर विषयक संशोधन, अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदान करने जॉच प्रतिवेदन, निगम के जलकार्य विभाग में कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने एवं 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। 15वें वित्त आयोग ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एसडीपी से मिलान कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने एवं अन्य 3 एजेण्डा पर सदस्यों की सहमति मिली।

### ये हुए शामिल

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, चंद्रशेखर गंवई, रिता सिंह गेरा, नेहा साहू, उपायुक्त/सह सचिव नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियता रवि सिन्हा, अनिल सिंह, वेशराम सिन्हा, अरविंद शर्मा, विनीता वर्मा, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता अर्पित बंजारे, देवव्रत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति नहीं लगेंगी मटन-मुर्गा दुकानें

**दुर्ग।** शहर के सभी 60 वार्डों में आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति लगने वाली मटन-मुर्गा की दुकानों में कार्रवाई होगी। शिकायत मिलते ही निगम अमला एक्शन में आ जाएगा। मेयर अल्का बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम ने यह कवायद शुरू की है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब नए मटन-मुर्गा दुकानों को आवासीय क्षेत्रों में अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जो दुकानें पहले से बिना अनुमति चल रही हैं, उन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि इन दुकानों से निकलने वाली दुर्गंध, गंदगी और कचरा न केवल वातावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर पर रहवासी क्षेत्रों में इसका सीधा असर वहां रहने वाले परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ता है। शहर के आबादी क्षेत्रों मे जाकर निरीक्षण करें.कि स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### दोपहिया चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** भिलाई नगर पुलिस ने चोरी के वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को सिविक सेंटर भिलाई से घेराबंदी करके पकड़ा। आरोपी के पास से दो दोपहिया वाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिविक सेन्टर भिलाई में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी को घेराबंदी करके पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम कुलेशवर साहू उर्फ नागु पिता अभय राम साहू उम्र 19 साल साकिन शक्तिपारा धनोरा बताया। आरोपी ने 3 माह पहले ग्लोब चौक सेक्टर 06 से स्कूटी चोरी की थी।15-20 दिन पहले रुआबांधा बस्ती से शनिचरी बाजार गया था। वहीं पर रोड किनारे एक मोसा चोरी कर लिया। दोनो वाहन को सिविक सेन्टर स्टेडियम के पास नर्सरी में छिपा दिया। इसके बाद से ग्राहक तलाश रहा था। पकड़ा गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### अंबेडकर नगर में 1.31 करोड़ से सीसी रोड व आरसीसी नाली का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर विधानसभा के अंबेडकर नगर वार्ड में नाली, सीसी रोड और फुटपाथ निर्माण के लिए राज्य शासन ने 1 करोड़ 31 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। लंबे समय से सड़क, नाली और फुटपाथ की इस मांग पर मुहर लगने से बहुत जल्द वार्ड की स्ट्रीट सीसी रोड और फुटपाथ से सुसज्जित हो जाएगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है।



इस राशि से वैशाली नगर विधानसभा के भिलाई निगम जोन-2 अंतर्गत वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सड़क 1 से 9 तक बैंक लाइन में आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 81 लाख 96 हजार तथा अम्बेडकर नगर में सड़क-2 एवं सेंट जॉन स्कूल के आसपास सीसी रोड, नाली एवं फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 55 हजार रूपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने 131 लाख 51 हजार की इस स्वीकृति के लिए उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार जताते हुए कहा कि ये दोनों विकास कार्य अंबेडकर नगर के लिए अत्यंत आवश्यक थे तथा यह स्वीकृति क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी राहत के रूप में आज सामने आई है। वैशालीनगर विधायक ने स्वीकृत कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# जागेश्वर साहू को मील का पत्थर सम्मान से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा द्वारा भोपाल में प्रदेश कार्यकारिणी एवं आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री

- तैलिक साहू सभा के कार्यक्रम में किया गया था अतिथि के रूप में आमंत्रित

जागेश्वर साहू थे।

वे मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम में जागेश्वर साहू को मील के पत्थर सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश अध्यक्ष के रूप में 19 अप्रैल 1997 से 30 अक्टूबर 2000 तक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। साहू ने सभा में कहा कि हमें तेली होने पर गर्व है। हमारे समाज की देवी मां कर्मा के आशीर्वाद से हमारे



समाज के पुत्र नरेंद्र मोदी भारत देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। ग्लोवल लीडर के रूप में दुनिया में जाना जाता है।

समाज के उत्थान में उनका अहम योगदान है। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने अपील की। समाज के विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही। समाज में आदर्श विवाह को तहसील स्तर तक लेकर जाना है। मृत्यु भोज को समाप्त कर मृत्यु भोज में मीठा बंद करना है।

साहू ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना होने जा रही है। आप सभी अपना उपनाम जो भी लिखते हैं, परंतु हम सभी का मूल जाति तेली है।

### खाद, बीज की कमी से जूझ रहा किसान, इधर धड़ल्ले से हो रही कालाबाजारी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले का किसान खाद-बीज के संकट से जूझ रहा है, इधर लगातार कालाबाजारी की शिकायत मिल रही है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने शिकायत की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सोसाइटियों में खाद की कमी की निरंतरता से बनी हुई है, सरकार सिर्फ बहाने बना रही है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया इस संबंध में 20 जून को सभी जिलों में सरकार को ज्ञापन सौंपा गया था। मांग की गई थी कि डीएपी, यूरिया और बीज की भारी कमी से राज्य के किसानों को भारी परेशानी हो रही है, किन्तु डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। राजनांदगांव में 6 अगस्त को किसानों ने अमन इंटरप्राइजेज पर छापा मारा, जहां अफसर यूरिया का स्टॉक शून्य बता रहे थे। वहां 200 बोरी यूरिया मिला। दुर्ग जिले में भी कालाबाजारी हो रही है। इसे लेकर विभाग जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे।

यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# सीएम आज करेंगे डॉ. सुरेंद्र की अंतिम कृति का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

हास्य-व्यंग्य के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ को प्रतिष्ठित करने वाले हास्य कवि पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे के अंतिम काव्य संग्रह मैं छत्तीसगढ़ बोलता हूं का लोकार्पण उनकी जयंती पर डॉ. सुरेंद्र दुबे फाउंडेशन के तत्वावधान में 8 अगस्त 2025 को महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम समता कॉलोनी में किया जाएगा।



- दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश के साहित्यकार आयोजन में होंगे शामिल

यह संग्रह छत्तीसगढ़ की आत्मा को स्वर देने वाली कविताओं का संग्रह है, जो डॉ. दुबे की रचनात्मक परिपक्वता और उनके गहरे सामाजिक सरोकारों को दर्शाता है।

डॉ. सुरेन्द्र दुबे की साहित्यिक विरासत छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे हिंदी जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मैं छत्तीसगढ़ बोलता हूँ उनका अंतिम रचनात्मक संदेश है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़ने और बोलने की शक्ति देगा। इस काव्य संग्रह का विमोचन समारोह कार्यक्रम मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस अवसर पर मंत्री अरुण साव, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, किरण सिंह देव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

## भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने ली बैठक

# हर बूथ में 50 से ज्यादा तिरंगा फहराने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

भाजपा स्वतंत्रता दिवस पर मोर तिरंगा मोर अभिमान यात्रा निकालेगी। इसके अलावा हर बूथ में कम से कम 50 राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने विधायक, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रदेश संगठन ने जिस स्तर पर कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार किया गया है, उसे हमे पूरा करना है। इसे लेकर मंडल स्तर पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर भी कार्यक्रम करना है। कार्यक्रम को हम दो तरीके से सफल कर सकते हैं। पहला जन भागीदारी और दूसरा शासन-प्रशासन के सहयोग से। तिरंगा झंडा बूथ स्तर पर लगा सकें हमें इसका प्रयास करना है। यह सब हमें सामूहिक रूप से प्रयास करना है। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू , जिला संयोजक जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे, डॉ. बालमुकुंद देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर 17 मंडल के अध्यक्ष को तिरंगा भेंट किया गया।



### राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने चलाया जा रहा अभियान

यादव ने कहा कि कम से कम हर बूथ पर 50 जगह पर झंडा लगा सकें, ऐसा प्रयास हम करेंगे। और आप सभी के परस्पर सामंजस तालमेल और मेहनत से अधिक से अधिक हम सभी को लगाना है। यह अभियान लोगों को एक साथ लाने राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने का अवसर होता है। हम सभी अपना इस महा यज्ञ में अपनी आहुति अवश्य प्रदान करें। 14 अगस्त को देश की आजादी के पूर्व देश का विभाजन हुआ था, जिसे हम विभाजन विभीषिका के रूप में मनाते हैं। उस समय हम सभी आज भी याद करते हैं। इन चीजों को हम याद करते हैं तो आज भी मन में सिहरन पैदा हो जाती है।

### सेल्फी लें और माईजीओवी में करें अपलोड

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से हम सभी मोर तिरंगा मोर अभिमान तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मना रहे हैं। यह कार्यक्रम आम जनमानस भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। आप सभी यह चिंतन अवश्य करें कि तिरंगा सही तरीके से फहराया जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आप तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर माईजीओवी पोर्टल पर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने आग्रह किया है कि कार्यक्रम शक्ति केंद्र स्तर पर भी हो सके। इसलिए शक्ति केंद्र स्तर पर भी ध्वज फहराया जाए।



## खबर संक्षेप



### आया सावन झूम के में गूंजे फिल्मी नग्मे

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी (शिकसा) छत्तीसगढ़ की ओर से 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थापक व संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन आस के निर्देशन, डॉ बोधीराम साहू के कार्यक्रम संयोजन व विजय कुमार प्रधान के उपस्थिति में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय लहरें थे। सरस्वती वंदना ओ.पी. कौशिक ?रतनपुरिहा?,व राजगीत चन्द्र कुमार चन्द्रा ने प्रस्तुत की। इस उत्सव कार्यक्रम में चेतन सिंह चौहान, हेमा चन्द्रवंशी , रागिनी श्रीवास्तव, हरमन कुमार बघेल ,रामकुमार पटेल, डॉ शालिनी श्रीवास्तव, सान्वी श्रीवास्तव, डॉ.प्रमोद कुमार आदित्य, लीलेश कुमार राजेश,मदनलाल तोमर ,रीता राज सिदार चन्द्रकला शर्मा , मोहित कुमार शर्मा, शशिकला पाण्डेय , सुखमति चौहान, शुभी और विंध्यवासिनी ने अपनी प्रस्तुति दी।

## निधन

### राजेश सिंह



**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य सेक्टर 2 सड़क 9, क्वार्टर नंबर 6ए भिलाई नगर निवासी राजेश सिंह उम्र 52 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. राम मूरत सिंह के पुत्र एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेश प्रताप सिंह के चाचा थे।

### सरोजिनी दानी



**दुर्ग।** आर्य नगर निवासी सरोजिनी देवी दानी उम्र 94 वर्ष पत्नी स्व. उपेन्द्र प्रसाद दानी का निधन 7 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अगस्त शुक्रवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। वे डॉ. अजय दानी, डॉ. संजय दानी, अधिवक्ता नवीन दानी की मां एवं डॉ. रौनक दानी, डॉ. उत्कर्ष दानी की दादी थीं।

### निर्मल प्रकाश गुड़े



**भिलाई।** ड्रीम सिटी उम्दा रोड निवासी निर्मल प्रकाश गुड़े 69 वर्ष निधन 7 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अगस्त को नेहरू नगर ईसाई कब्रिस्तान मे समय श्याम 4 बजे किया जाएगा। वे रोज़मेरी गुड़े के पति एवं अन्थोनी गुड़े और निखिल गुड़े के पिता थे।

### दिनेश चंद्र रूनवाल

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के रूआबांधा सेक्टर 20 बी निवासी दिनेश चंद्र रूनवाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील रूनवाल के पिता थे।

## पहल : नई शिक्षा नीति पर आधारित सत्र का हुआ आरंभ

# दीक्षारंभ में नियमित शैक्षणिक भागीदारी की जरुरत पर बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

दि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, में ई-आरंभ 2025 (दीक्षारंभ2025) कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथियों के स्वागत सत्कार के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधन, विज्ञान, विधि, इंजीनियरिंग, मानविकी एवं वाणिज्य संकायों के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी।

■ दि आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, में ई-आरंभ 2025 की शुरुआत



छात्र अधिष्ठाता प्रो. डॉ. के. किशोर कुमार ने स्वागत भाषण में आई.सी.एफ.ए.आई. शिक्षा प्रणाली की विशिष्टताओं (यूएसपी), परीक्षा पद्धति एवं शैक्षणिक विरासत की विस्तृत जानकारी दी। कुलपति प्रो. डॉ. शिव दयाल पांडेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के मध्य तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों में मूल्य प्रणाली के समावेश, स्व-विश्लेषण (स्वॉट एनालिसिस) तथा नियमित शैक्षणिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति ने छात्रों से उत्तरदायित्व की समझ विकसित करने और समय प्रबंधन के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता डॉ. व्यास दुबे, अकादमिक सदस्य, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में विद्यार्थियों को विनम्रता, नैतिक मूल्यों एवं चरित्र निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। समस्त विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों तथा संभावनाओं पर प्रकाश डाला एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कुलसचिव प्रो. डॉ. मनीष उपाध्याय ने विश्वविद्यालय की तमाम बुनियादी सुविधाओं सहित, विश्वविद्यालय के छात्र सेवा प्रकोष्ठ, परीक्षा प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक समिति तथा विभिन्न विश्वविद्यालय स्तरीय क्लबों की जानकारी दी। संचालन डॉ. जया सिंह (विभागाध्यक्ष, आर्टस) ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षगण, प्राध्यापकगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं नवप्रवेशित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिलाः डॉ. शिखा

**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने की। अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला एवं पूर्व अध्यक्ष व ग्राम जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला का स्वागत सीनियर विद्यार्थियों ने तिलक व पुष्पगुच्छ से किया। प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन और चरित्र निर्माण की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला ने शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से ईमानदारी व तन्मयता से मेहनत करने का आह्वान किया। शासकीय कालेज के पूर्व अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण के महत्व पर बल दिया तथा छात्राओं की बढ़ती संख्या को समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा बताया।डॉ. अरुणेंद्र तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषय संरचना, विकल्पों एवं सेमेस्टर प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। रा.से.यो. प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक महत्व व लाभों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। पुस्तकालय प्रभारी मुकेश कठोतिया ने पुस्तकालय की नियमावली और पुस्तकों के रख-रखाव के तौर-तरीकों को सरल भाषा में समझाया। सभी संकाय प्रमुखों ने अपने-अपने विषयों के महत्व और करियर की दृष्टि से उपयोगिता पर प्रकाश डाला ।



## राज्य स्तरीय योगासन में दुर्ग जिले के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 सीनियर क्लब सीएसईबी कोरबा में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री थे। विशिष्ट अतिथि संजू राजपूत अध्यक्ष नगर निगम, आशुतोष पाण्डे आयुक्त नगर निगम कोरबा थे। अध्यक्षता गोस्वामी जयंत विष्णु भारती अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने की।

■ दुर्ग जिले से 20 प्रतिभागियों ने किया अपने योग कौशल का प्रदर्शन

वहीं विशेष अतिथि डॉ. मेजर सिंह सचिव छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, शैलेन्द्र विशी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से 20 प्रतिभागियों ने अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें से 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में ऋषि ने ट्विस्टिंग इवेंट में तृतीय स्थान, प्रसिद्धि और चर्बी चार्वी ने रिदमिक इवेंट में द्वितीय स्थान, जीविका जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में आशिता सोनी ने फॉरवर्ड बेंडिंग में प्रथम स्थान, साक्षी द्विवेदी ने ट्रेडिशनल इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया व आर्टिस्टिक सिंगल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 से 28 वर्ष के आयु वर्ग में भूमिका साहू ने हैंड बैलेंस व फॉरवर्ड बेंडिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया । 28 से 35 वर्ष आयु वर्ग में सुभद्रा देवी ट्रेडिशनल इवेंट व ट्विस्टिंग में प्रथम स्थान व 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग में लता साहू ने ट्विस्टिंग में प्रथम व ट्रेडिशनल इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में योग के राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक गण भोजेंद्र कुमार साहू, हितेश तिवारी, डोमेंद्र देवांगन का प्रमुख योगदान रहा एवं दुर्ग जिले से टिकेश्वरी साहू कोच, धीरेन्द्र कुमार वर्मा मैनेजर, तिजउ राम साहू, मोनिका साहू, ओमप्रकाश चंद्रवंशी जज के रूप में सम्मिलित हुए।

## पुरई के नन्हे खिलाड़ियों को नेशनल में मिला मौका



**उतई।** सत्या खो-खो क्लब के तीन सब जूनियर खिलाड़ी मयंक पटेल, गुलशन नवरंगे और लेखराज यादव 4 अगस्त से 6 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित नेशनल फाइनल गेम्स 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इन सभी खिलाड़ियों को सत्या खो खो क्लब के अध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार साहू, सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, संरक्षक छबिलाल साहू, कोच भुनेश्वर साहू, मोरजध्वज़ पटेल, थालेश्वर साहू, गजेंद्र कुमार साहू सभी ने बधाई दी है।

## जनता का भला कर स्वर्णिम इतिहास रचेः सभापति कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



ग्राम पंचायत नवागांव एवं गातापार/उमरपोटी मे पक्की नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग और कमलेश साहू जामगांव आर मंडल अध्यक्ष सहित अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सभापति कल्पना नारद साहू ने भूमिपूजन समारोह में कहा कि जनता ने नेता बनाया नेता जनता का भला कर स्वर्णिम इतिहास रचे। आम जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना जनप्रतिनिधियों का पहला कर्तव्य है। इस अवसर पर लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष,नारद साहू अध्यक्ष भाजपा यूवा मोर्चा दक्षिण पाटन, रेवाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत गातापार,कविता साहू सरपंच ग्राम पचायत नवागांव ,दिलीप साहू उपसरपंच गातापार, छगन साहू उपसरपंच नवागांव बी,चोवाराम नेताम रोजगार सहायक, कौशल साहू, देवेंद्र साहू, प्रेमीन साहू पंच, पार्वती साहू,ओमिन साहू,सरश्वती नेताम, लेखराम साहू,भेमराज साहू,यशोदा साहू ,दिलीप नेताम, तुसंत टंडन, विद्याशंकर साहू,मनीष साहू,भूपेंद्र साहू,अभिषेक सेन ,कमलेश यादव ,सुरुज निर्मालकर,लोकेश यादव, रितेंद्र साहूर और गोपेश साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गुंडा बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



ऑपरेशन विश्वास के तहत कुम्हारी थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग विजय अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) व नगर पुलिस अधीक्षक छावनी के दिशानिर्देसानुसार थाना प्रभारी पी.डी.चंद्रा एवं स्टाफ के द्वारा गुरुवार को एक विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 12 आदतन बदमाशों को पकड़कर थाना लाया गया, जहां इन सभी की परेड ली गई। वहीं फटकार लगाते हुए उनपर प्रतिबंधात्मक एवं विभिन्न धाराओं में कार्यवाही कि गई है। ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाकर पूरे नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में रोहित श्रीवास्तव 44 साल रामपुर चोरहा, वार्ड क्रमांक 6 निवासी दुर्गेश सोनकर, रितेश कुर्रे, धनसाय यादव ग्राम चेटूवा, सन्नी भोई उम्र 19 साल महामाया पारा, हेमंत धीवर उम्र 35 साल शांतिनगर, महेश जगत स्टेशन चौक रूपनगर कुम्हारी, रोशन वर्गीस उम्र 50 साल कैलाश नगर कुम्हारी, प्रहलाद भारती उम्र 30 साल ग्राम कुगदा कुम्हारी, मोहन विभार उम्र 20 साल रूपनगर, सचिन महानंद रूपनगर कुम्हारी पर कार्यवाई की गई है वहीं विशाल बेलदार पिता सूरज बेलदार उम्र 28 साल रामनगर कुम्हारी को जिला रायपुर के थाना आमानाका के संदेही होने के कारण आमानाका थाना के सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में आरक्षक देव प्रकाश वर्मा, विकास, ओमप्रकाश राजगड़े एवं राजेश ध्रुव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्कूली बच्चों का हुआ टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम धौराभाठा में टिटेनस डिप्थीरिया (टीडी) का टीका स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया।

इनमें प्राथमिक शाला सुदामापुरी के कक्षा 5वी के 07 बच्चो एवं शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में कक्षा 5वी के 14 बच्चों को तथा हायर सेकंडरी स्कूल धौराभाठा के कक्षा 10 वी के 14 बच्चों सहित कुल 35 बच्चो का टीकाकरण हुआ। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आरएचओ बसंत साहू ने बताया कि बच्चो का टीकाकरण सार्वभौमिक टीकाकरण अभियान के तहत किया गया। बच्चों को आरएचओ मधु साहू एवं ममता चंद्राकर ने टीका लगाया। जिसमें स्कूल की शिक्षक ममता ठाकुर, मोहिनी ,रूबी दास ,कल्पना बाम्बेश्वर, अनय कुमार बन्दे , सीएल सूर्यवंशी, एचएल देवांगन ,स्वाति वर्मा और रीना मजूमदार का विशेष सहयोग रहा।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के लिए 2 मंडल अध्यक्ष और 6 सेक्टर प्रभारी का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल




जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल में बुधवार को बैठक प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त ब्लाक प्रभारी दालेश्वर साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जामुल ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल में संगठन सृजन अभियान के तहत 2 मंडल अध्यक्ष तथा 6 सेक्टर प्रभारी का चयन सर्व सम्मति से चयन किया गया। दुर्गा मंदिर मंडल अध्यक्ष चन्द्र कुमार बर्मन तथा 3 सेक्टर प्रभारी शोभन ठाकुर, ललिता पटेल, आनंद भंडारकर तथा शिवपुरी महामाया मंडल अध्यक्ष गोपी वर्मा, तथा तीन सेक्टर प्रभारी तुलसी साहू,ईश्वरी ठाकुर, राहुल पाल का चयन किया गया। बैठक में सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका जामुल, नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा, सरोजनी चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष, ब्लाक प्रभारी दालेश्वर साहू ने संगठनात्मक अपने विचार व्यक्त किए, बैठक का संचालन ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार उपनेता संजय देशलहरे ने किया,बैठक में पार्षद शबीहा करीम खान, पार्षद दुर्गा वैष्णव, वरिष्ठ कांग्रेसी मधुसूदन हिरवानी, मीनेश ताम्रकार महामंत्री, युवराज वैष्णव, टोनू देवांगन, चन्द्रशेखर शर्मा, डा खेमलाल सिन्हा, आदि के अलावा ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, बैठक के अन्त में राष्ट्र गान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

### सूचना

मामले का विषय-अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक 330/अ-6/वर्ष 2024-25
पक्षकार-प्रवीण टंडन विरूद्ध आम जनता वगैरह

1. आम जनता
ग्राम-पोटियाकला दुर्ग
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी प्रवीण टंडन आ. कृष्णचंद टंडन निवासी-प्लाट नं. 01 ब्लाक नं. 06 नेहरू नगर पूर्व भिलाई तह. व जिला-दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग के रा. प्र. क्र. 202401100400227 अ-6 वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 30.04.2025 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा-44(2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 11.09.2025 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 31.07.2025

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

## मुख्यमंत्री शिक्षण गुणवत्ता अभियान की दी गई जानकारी

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अमेरी में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अमेरी, संकुल केंद्र घुघुवा, विकासखंड पाटन में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 की प्रथम मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। शासन के निर्देशानुसार राज्य के समस्त शैक्षिक संस्थानों में मेगा पालक बैठक का आयोजन अगस्त की प्रथम सप्ताह में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों की प्रगति से अवगत कराने आकलन करने को उद्देश्य से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हे संकुल शैक्षिक समन्वयक खिलेश कुमार वर्मा ने बैठक की रूपरेखा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विचार साझा किया। मुकेश वर्मा ने गांव के इतिहास पर एवं घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या पर चर्चा की। प्रधान पाठक देवलाल पटेल ने हमने क्या सीखा पर चर्चा की। आदित्य कुमार वर्मा ने अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा की। साखीराम साहू ने बस्ता मुक्त शनिवार गतिविधि, आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पर चर्चा किये।

टिकेश्वरी वर्मा ने ई-जादू पिटारा दीक्षा एवं ई लाइब्रेरी पर चर्चा की। साथ ही अरुण कुमार मरकाम ने नेवता भोजन पर चर्चा की। प्रतियोगिता परीक्षा के बारे में मुकेश कुमार वर्मा एवं आदित्य वर्मा ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि स्कूल से इस वर्ष को मिला कर कुल 18 बच्चों का राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण सूची में में चयन हुआ है। सभी चयनित बच्चों को प्रतिमाह 1000 रुपए मिलता है। इस वर्ष एक बच्चे का नवोदय विद्यालय में एवं एक-एक बच्चे का जवाहर उत्कर्ष योजना में चयन हुआ है। इसके पर्व दो बच्चों का जवाहर उत्कर्ष योजना में चयन हो चुका है। प्रधान पाठक देवलाल पटेल एवं अरुण कुमार मरकाम ने पास्को एक्ट की जानकारी दी। मुख्यमंत्री शिक्षण गुणवत्ता अभियान के बारे में बताया गया। विचार साझा किया एफ एल एन में बच्चों की स्तर पर आकलन कर कक्षों को शिक्षक और पालकों की मध्य चर्चा पर चर्चा हुई। इस बैठक में जनप्रतिनिधि सहित 95 से अधिक पालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमेरी के उपसरपंच नेताम जी ,शाला प्रबंधन के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव जी, विधायक प्रधिनिधि श्री शिवकुमार वर्मा, उपस्थित रहे साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मिडिल स्कूल एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही और अंत में प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवलाल पटेल के द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

## खबर संक्षेप



### एसएमएस-3: स्टील लेडल लाइफ में रचा कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने स्टील लेडल लाइफ में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। स्टील लेडल नंबर -9 ने 119 हीट पूरी कर 19,955 टन इस्पात उत्पादन में योगदान दिया, जो पूर्व में दर्ज 116 हीट के रिकॉर्ड को पार करता है। लेडल-9 की प्रत्येक हीट बाद लेडल का निरीक्षण और निगरानी लेडल बे ऑपरेशन टीम तथा रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों द्वारा 24 घंटे की ड्यूटी पर किया गया। आवश्यक मरम्मत की गई। तकनीकी अनुशासन ने लेडल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की, इस्पात उत्पादन में कोई बाधा नहीं आने दी। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने टीम के प्रदर्शन को सराहनीय बताते हुए कर्मियों का हौसला बढ़ाया। सीजीएम प्रोसेन्न जीत दास और त्रिभुवन बैठा सहित जीएम डीएल कुमार व एचबी मलिक, सेक्शन इंचार्ज मो. साबिर, लेडल बे इंचार्ज जावेद अंसारी, जेएल मारकंडे का योगदान रहा।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी के बाद हाफ बिजली योजना का दायरा घटाने पर कांग्रेस ने किया विरोध

# बिजली दफ्तर के बाहर प्रदर्शन, आरोप; सोलर पैनल को प्रमोट करने बढ़ाया गया बिजली बिल

### कांग्रेस की चेतावनी, निर्णय वापस लें अन्यथा होगा उग्र आंदोलन

### लालटेन लेने की मजबूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

हाफ बिजली बिल का दायरा कम किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस ने गुरुवार की शाम बिजली दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता लालटेन लेकर दफ्तर पहुंचे। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सरकार का पुतला भी फूंका गया। कांग्रेसियों ने 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता प अतिरिक्त आर्थिक भार डालने के विरोध में यह प्रदर्शन किया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पहले पटेल चौक में जुटे, जहां से रैली की शक्ल में वे बिजली दफ्तर पहुंचे। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों को लालटेन भेंटकर विरोध दर्ज कराया गया। इससे आम जनता की मजबूरी निरुपित किया गया। राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री के उद्योग पति मित्र को छत्तीसगढ़ के जंगल, जमीन, कोयला, बिजली बेचकर छत्तीसगढ़ में लालटेन युग लाना चाहती है। कोयला उत्पादक राज्य होने के कारण कम लागत में अधिक उत्पादन करने वाला अग्रणी राज्य है। 2014 के बाद से प्रधानमंत्री के मित्र उद्योगपति की नजर यहां की सर प्लस बिजली और कोयले के प्रचुर भंडार के दोहन पर ही केंद्रित रहा। बावजूद महंगी बिजली लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि 20 से 22 लाख उपभोक्ता इसके दायरे से बाहर हो जाएंगे। सरकार का दावा है कि संशोधित योजना से 45 लाख उपभोक्ताओं में से 31 लाख सामान्य और कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को पूर्ववत लाभ मिलता रहेगा। इनमें बीपीएल परिवारों को 30 यूनिट तक मुक्त बिजली भी जारी रहेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, संजय कोहले, कन्या ढीमर, प्रवक्ता नासिर खोखर, राजीव गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, दुर्गा गजभीए, प्रकाश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



### हाफ बिजली बिल अब 400 की बजाय 100 यूनिट तक, बढ़ेगी दिक्कत

बिजली कंपनी ने हाफ बिजली योजना के अंतर्गत 400 यूनिट तक खपत पर दिए जा रहे 50 फीसदी बिजली बिल छूट को घटा दिया है। यह लाभ अब सिर्फ 100 यूनिट तक खपत करने वालों को मिलेगा। यानी जिस महीने खपत 100 यूनिट तक होगी, बिजली बिल में आधी छूट मिलेगी। कुल खपत में 400 यूनिट तक की खपत पर एनर्जी चार्ज, फिक्सड चार्ज और वेरिएबल कास्ट एडजस्टमेंट पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी। अर्थात किसी उपभोक्ता के घर की कुल खपत 600 यूनिट है। बिजली बिल की गणना के लिए पहले 400 यूनिट का बिल ऊपर बताए गए मदों से जोड़कर निकाला जाता था। इस तरह आए बिल को आधा कर दिया जाता था। इसके बाद 200 यूनिट पर अलग से बिल की गणना की जाती थी। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। मार्च 2019 से उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना लागू की गई थी। इसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद भी जारी रखा गया। बिजली बिल के कैलकुलेशन के अनुसार 400 यूनिट तक अधिकतम 1043 रुपए का फायदा उपभोक्ताओं को मिल रहा था। छत्तीसगढ़ में बिजली की कीमत में भी बढ़ोतरी की गई है। उपभोक्ताओं को अगस्त से बढ़ा हुआ बिल भी भरना पड़ेगा। बिजली नियामक आयोग ने जुलाई में नया टैरिफ जारी किया था। इसके मुताबिक घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 20 पैसे ज्यादा देना होगा। इस प्रकार हुई बढ़ोत्तरी का कांग्रेस ने विरोध किया है।



### सौर ऊर्जा को किया जा रहा प्रमोट, 30 हजार की सब्सिडी

छत्तीसगढ़ सरकार ने सूर्यघर बिजली योजना में केंद्र की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के अलावा अपनी ओर से भी अधिकतम 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने की घोषणा की है। केंद्र और राज्य मिलाकर 3 किलोवॉट के रूफ टॉप सोलर पैनल पर कुल 1.08 लाख रुपए की सब्सिडी आ रही है। पैनल लगाने की लागत करीब 1.80 लाख रुपए की आएगी। शेष 72 हजार रुपए भी लोगों को जेब से नहीं देने होंगे। उन्हें 6% ब्याज पर 10 साल के लिए लोन मिलेगा। इसकी मासिक किस्त भी 808 रुपए आएगी। छोटे घर वाले एक और दो किलोवॉट के भी पैनल लगा सकेंगे। इनपर भी केंद्र और राज्य की ओर से अलग-अलग सब्सिडी मिलेगी। ऊर्जा विभाग के अफसरों के अनुसार सोलर पैनल लगाने के बाद लोगों को बिजली बिल देने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। हर महीने 200 से 360 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। बता दें कि रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ता अपनी छत पर उत्पादित होने वाली बिजली का उपयोग करने के साथ-साथ शेष बिजली को ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त आय कमा सकेंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 25 प्रतिशत शेष लागत उपभोक्ता खुद वहन कर सकते हैं, या फिर बैंक से कम से कम ब्याज दर पर लोन ले सकेगा।

## पूर्व सीजीएम सिन्हा का सम्मान

**भिलाई।** सेल के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक सौरभ सिन्हा की सेवानिवृत्ति पर इस्पात कर्मचारी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी सेक्टर 6 द्वारा सम्मान किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा और बीएसपी के सीनियर मैनेजर केएन राय ने शाल, श्रीफल और श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया।



### टी एंड डी विभाग के कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि

**भिलाई।** बीएसपी के ट्रांसपोर्ट एंड डीजल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी गोपीनाथ मलिक थे।इस अवसर पर सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग के राजेश कुमार सुभाशीष नन्दी व कृष्ण मोहन रेड्डी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया। सभी पुरस्कृत कार्मिकों को प्रमाण पत्र, उपहार एवं उनकी पत्नियों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किये। समारोह के मुख्य अतिथि कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# न्यायालयीन प्रक्रिया के पेंडिंग मामलों को सर्वर सिस्टम में अपलोड करने दी गई ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ पुलिस विभाग में कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग पुलिस व्दारा थानों में दर्ज प्रथम सूचना की विवेचना उपरांत तैयार अभियोग पत्र न्यायालय पेश किए जाने के बाद भी सीसीटीएनएस में आईआईएफ फार्मो की इंट्री नहीं होने से पेंडिंग की संख्या बढ़ गई है। इसे पूर्ण करने में समस्या आ रही थी। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बैठक ली। बैठक में जानकारी दी गई कि न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किए जाने के उपरान्त की एंट्री किए जाने हेतु एक विकसित क्लाइंट एंड सर्वर सिस्टम सीसीटीएनएस कार्यालय में स्थापित



किया गया है। इसमें क्लाइंट एंड सर्वर सिस्टम के माध्यम से एक साथ 12 सीसीटीएनएस आपरेटर डाटा एंट्री कार्य कर रहे हैं। इससे लंबित आईआईएफ की संख्या में काफी कमी आई है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि क्लाइंट एंड सर्वर सिस्टम का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने तथा सीसीटीएनएस आपरेटरों को प्रशिक्षित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके परिपालन में पुलिस नियंत्रण कक्ष दुर्ग में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रायपुर, बालोद, बेमेतरा एवं दुर्ग जिला के 45 सीसीटीएनएस ऑपरेटर शामिल हुए। उन्हें आरक्षक काशी बरेठ सीसीटीएनएस आपरेटर ने प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक लाइन चंद्रप्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, उप निरीक्षक संकल्प राय उपस्थित थे।

# संविदा कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### बीएसपी में सुरक्षा मित्र समारोह

भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा सुरक्षा मित्र के अंतर्गत संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में भवन क्र. 2 के सभागार में आयोजित किया गया। पुरस्कृत कर्मचारियों में सीएमएम. विभाग से अमरजीत सिंह, एम साजी, वीरेंदर देवांगन, परमेश्वर कुमार, गौकरण, टीसी अलेंद्र, भोला राम, जीतेन्द्र, हीरालाल, राकेश कुमार, सीईडी विभाग के अखिलेश, अर्जुन सिंह, महेश, प्लांट गैरेज सेः लखन लाल साहू, नरोत्तम लाल, ईडीडी विभाग से प्रीतम, मेकेनिकल सर्विसेस के ईश्वर, मेकेनिकल सर्विसेस पुनीत



तथा मेकेनिकल के आर विजय कुमार, वहीदा बेगम शामिल हैं। विजेताओं को सेलम इस्पात संयंत्र के स्टेनलेस स्टील के उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी मौजूद थे।

### शून्य दुर्घटना का आह्वान, सावधानी बरतनें अपील

मुख्य अतिथि ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की संयंत्र संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका है और सुरक्षा के प्रति उनकी जागरूकता अन्य कर्मियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने शून्य-दुर्घटना के लिए सुरक्षित कार्य शैली अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक आशीष घोष, राकेश पांडे, सुनील कुमार, पी जॉन वर्गीस, जी श्रीनिवास राव, प्रदीप्ता भौमिक, मंदीप सिंह भोगल सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का आयोजन संचालन सहायक महाप्रबंधक के नीलाधर ने किया।

# आयुक्त पांडेय ने प्रगति मार्केट में निर्मित दुकानों का किया निरीक्षण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 4 अंतर्गत प्रगति मार्केट के संचालन, प्रस्तावित नाली, एस.एल.आर.एम. सेंटर, सीमेंटीकरण रोड एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार अंतर्गत प्रगति मार्केट का निरीक्षण कर निर्मित दुकानों के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर की प्रक्रिया अविलंब करने निर्देशित किये है। दुकानों का नियमानुसार किराया निर्धारण हेतु महापौर परिषद के बैठक में रखा



■ साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी

जाएगा । वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में अधोसंरचना मद से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात कार्य कराया जाएगा। वार्ड 42 गौतम नगर में एस.एल.आर.एम. सेंटर का विस्तार हेतु निर्माण किया जा रहा है। जहां घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर पृथक्करण किया जाएगा। एकत्रित कचरे को छाटकर खाद निर्माण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों को पुनः निर्माण हेतु भेजा जाएगा।

वार्ड 43 बापू नगर में निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण कर पर्याप्त पानी सिंचाई करने निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड में चल रहे साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिए कार्यरत कर्मचारियों को सफाई में समस्या आने पर जोन आयुक्त को सूचित करने निर्देशित किया गया।

# समृद्धि श्रेणी में आरएसपी की दिव्य व रोशालिन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### सेल स्तरीय प्रबंधन और व्यवसाय क्विज

सेल-स्तरीय प्रबंधन एवं व्यवसाय क्विज़ का समापन भिलाई निवास परिसर में हुआ। सक्षम, समर्थ और समृद्धि इन तीन प्रमुख श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न इकाइयों से 34 दो- सदस्यीय टीमों ने भाग लिया।समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरि तथा पूर्व निदेशक सेल जी. ओझा ने की।

समृद्धि श्रेणी के फाइनल राउंड में राउरकेला इस्पात संयंत्र दिव्या दाश व वरिष्ठ प्रबंधक रोसालिन दाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोकारो इस्पात संयंत्र से प्रबंधक सौम्या खाती और वरिष्ठ प्रबंधक अंकिता देव ने द्वितीय स्थान और बीएसपी से कनिष्ठ कार्यपालक सहायक प्रियंका राज गुप्ता और



प्रियंका मधुरी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समर्थ श्रेणी में बोकारो इस्पात संयंत्र से ऑपरेटर कम टेक्नीशियन दुर्गा प्रसाद और नयन चक्रवर्ती ने प्रथम और द्वितीय स्थान भिलाई से कनिष्ठ कार्यपालक सहायक रंजन गोस्वामी और सूरज प्रताप ने तथा तृतीय स्थान इस्पात संयंत्र से अभियंता सहयोगी सैकत मंडल एवं ओसीटी लोकनाथ मिश्रा ने प्राप्त किया।

### सक्षम श्रेणी में संपद व अभिषेक प्रथम

सक्षम श्रेणी में राउरकेला इस्पात संयंत्र के संपद मिश्रा और सहायक प्रबंधक अभिषेक मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय इस्पात संयंत्र से वरिष्ठ प्रबंधक विकास कुमार और अभिलाष शर्मा को तथा तृतीय भिलाई से वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन औरसहायक महाप्रबंधक उमेश मलयाथ रहे। सभी विजेताओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित विशिष्टजनों ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की क्विज परंपरा सशक्त रही है। यहां पहला मैनेजमेंट क्विज बोनांज़ा आयोजित किया गया था। क्विज के सत्र संचालके पूर्व वरिष्ठ अधिकारी उमेश कामत, एसपीएस जग्गी, जैकब कुरियन को भी सम्मानित किया गया। संचालन सहायक प्रबंधक शालिनी चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक प्रभारी एसके श्रीवास्तव ने किया।

### जेएलएन अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह

# नाट्य प्रस्तुति से किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ के शिशु रोग विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन "स्तनपान को प्राथमिकता दें थीम के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ ने शुभारंभ किया। शिशु रोग विभाग द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक नाट्य प्रस्तुति एवं स्तनपान नीति से लाभान्वित माता-पिता द्वारा अनुभव साझा किए गए। राजहरा माइंस अस्पताल में भी इसी दिवस से विश्व स्तनपान सप्ताह



का आरंभ किया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशिक किशोर द्वाराजन-जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

हफ्तेभर चले कार्यक्रम के तहत शिशु एवं नवजात इकाई, प्रसूति वार्ड तथा बाल रोग ओपीडी में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। सीएसआर के सहयोग से "मिशन लक्ष्मी" परियोजना के अंतर्गत दुर्ग स्थित शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. संबिता पांडा सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार ने मार्गदर्शन किया।

सप्ताह का समापन संविदा नर्सिंग स्टाफ के लिए आयोजित "लैक्टेशन मैनेजमेंट" विषयक शैक्षिक सेमिनार के साथ हुआ। वरिष्ठ सलाहकार डॉ. माला चौधरी के निर्देशन में तथा विभाग के रेसिडेंट डॉक्टरों द्वारा संचालित किया गया।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04



राखी पर यंग गर्ल्स स्टाइल करें कुछ ऐसे पटियाला सलवार-सूट


## लाइव इवेंट

### सिकल सेल और हीमोग्लोबीन टेस्ट कर छात्राओं को किया जागरूक




**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में बीएसपी सीएसआर के मिशन लक्ष्मी, वूमेन एंड विशाखा सेल एवं यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान से स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं को स्वस्थ के प्रति जागरूक करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते है।

■ मिशन लक्ष्मी के तत्वावधान में जांच शिविर का आयोजन

मुख्य अतिथि जेएलएन हॉस्पिटल सेक्टर 9 सीएमओ डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने इस जागरूकता कार्यक्रम एवं जाँच शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक्स डॉ. सम्बिता पंडा ने स्तनपान के महत्व, डॉ. उषा श्रीवास्तव ने प्राथमिक चिकित्सा, प्रोमिता दास गुप्ता ने संतुलित आहार, डॉ. स्वाति शुक्ला चिकित्सा आधिकारी ने स्त्री रोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने एचआईवी एड्स की गंभीरता बताई। उन्होंने छात्राओं को वालेंटियर बनकर इस जागरूकता कार्यक्रम का विस्तार समाज में करने का आह्वाहन किया। जाँच शिविर में पेप स्मीयर, सिकिल सेल, हीमोग्लोबीन, ब्लड ग्रुपिंग टेस्ट किया गयाइस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संजय दावे, डॉ शुभस्मिता पटनायक, चीफ काउन्सलटेंट, डॉ सोनालीका, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ मोनिया राकेश सिंह, वंदना बंजारे, डॉ. चाँदनी अफसाना, डॉ. पदमा रानी, डॉ सीमा कालरा, श्रद्धा वर्मा, शशि सिंह, गुंजन ठाकुर, अनुति, सरिता चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लता मिश्रा, कोआर्डिनेटर मिशन लक्ष्मी और धन्यवाद तबस्सुम ने किया।

## सिटी इवेंट

### बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और संगीत की शिक्षा देने किया प्रोत्साहित




**भिलाई।** विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने सामाजिक उत्थान के लिए लगातार कार्यरत दिशा संस्था द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय सेक्टर-4, भिलाई में सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय के बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और संगीत की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय की आवश्यकतानुसार दिशा संस्था की ओर से प्राचार्या संगीता पवार और अन्य शिक्षकों को तबला और ढोलक भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त, मानसून के मौसम में विद्यालय परिसर विशेषकर शौचालयों की स्वच्छता एवं संक्रमण-नियंत्रण के लिए फिनाइल भी प्रदान किया गया।

■ सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर-4 में बांटा फिनाईल और टायलेट क्लीनर

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा संस्था के सदस्यों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था से राजेश धारकर, रामानुजन राजू, बापी दास, जी एस संधू, अजय दुबे, भास्कर देवनाथ, सुजीत चक्रवर्ती, शांतनु दासगुप्ता, प्रदीप दास, के.सी राव, उत्तम डे, देबाशीष मजूंमदार, मोहन गिरी, जवाहर, नरसिम्हा राव, कल्याण राय, दीपांकर मुखर्जी सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यालय में अध्ययनरत समाज के निर्धन परिवारों के बच्चों से मिलकर उनकी ज़रूरतों को समझने एवं उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य दिशा संस्था की महिला सदस्यों सुधा, ऐलिस सहित सभी ने बड़ी संजीदगी से निभाया। कार्यक्रम के दौरान राजेश धारकर ने बच्चों को योगाभ्यास, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शांतनु दासगुप्ता ने बच्चों के भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में हर क्षेत्र में एआई के साथ तालमेल बैठाना जरूरी होगा। डॉ. सुरेश शर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित अंतराल पर कराने पर जोर दिया। रामानुजन राजू ने विद्यालय प्रबंधन को भविष्य में भी विद्यालय को आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करने की बातें कही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या संगीता पवार ने संस्था के विशेष रूप से महिला सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और शैक्षणिक व मानसिक विकास में सहायक होता है।

### महिलाएं बीएसएफ जवानों को आज बांधेंगी राखियां

**भिलाई।** महिला सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में रक्षाबंधन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन के अंतर्गत 8 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बीएसएफ हेडक्वार्टर रिसाली में सुरक्षा में तैनात जवानों को राखी बांधी जाएगी। शाम साढ़े 5 बजे सेक्टर-6 पुलिस थाना परिसर में पुलिसकर्मियों को राखी बांधी जाएगी। कार्यक्रम नीता चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। 9 अगस्त को सुबह 9 बजेपर्यावरण संरक्षण हेतु पीपल, बरगद जैसे पौधों को रक्षा सूत्र बांधा जाएगा। शाम 6 बजे सेक्टर-9 हनुमान मंदिर और डीसी चौक में धर्म रक्षकों को राखी बांधी जाएगी। इस दौरान सांसज विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल मौजूद रहेंगी।

● 9 को भद्राकाल से मुक्ति, श्रवण नक्षत्र और शनि की मकर राशि में चंद्रमा के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग

# रक्षाबंधन पर नहीं रहेगा भद्रा का साया, पूरे दिन बहनें बांध सकेंगी भाई को रक्षासूत्र, दुर्लभ ग्रह संयोग बना रहा पर्व को खास

**भिलाई।** इस बार रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि ग्रह-नक्षत्रों के अद्भुत संयोग और धार्मिक मान्यताओं की सुंदर छाया में मनाया जाएगा। बिना भद्राकाल के बंधन के बहनें पूरे दिन भाइयों को राखी बांधकर रिश्तों की डोर को और मजबूत कर सकेंगी। 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर भद्राकाल नहीं रहेगा। इससे दिनभर रक्षा सूत्र बांधने का शुभ अवसर मिलेगा। ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे के अनुसार राहु काल सुबह 8.37 से 10.33 तक रहेगा। इस राहु काल को छोड़कर बाकी ब्रह्म मुहूर्त सूर्योदय से लेकर पूरे दिन भर रक्षासूत्र बांधा जा सकता है। सुबह 6.18 से दोपहर 1.24 बजे तक राखी बांधने का सबसे शुभ समय रहेगा, जब सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा होगा।

### दुर्लभ संयोग बनाएंगे पर्व को विशेष

इस रक्षाबंधन पर ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति पर्व को और भी शुभ बना रही है। पूर्णिमा तिथि शनिवार को पड़ेगी और श्रवण नक्षत्र रहेगा। इस दिन चंद्रमा मकर राशि में रहेंगे। मकर राशि और शनिवार दोनों के स्वामी शनि देव हैं। श्रवण नक्षत्र के अधिपति भगवान विष्णु हैं। साथ ही सौभाग्य योग भी रहेगा, जो ब्रह्माजी के अधीन है। इस प्रकार यह रक्षाबंधन ब्रह्मा और विष्णु की साक्षी में मनाया जाएगा, जो इसे अत्यंत पावन बनाता है।



### भद्राकाल एक दिन पहले

पंडितों के अनुसार भद्राकाल शुक्रवार को दोपहर 2.13 से रात 1.49 बजे तक रहेगा। 9 अगस्त रक्षाबंधन के दिन भद्रा नहीं रहेगी, जिससे समय की कोई बाध्यता नहीं रहेगी। यह उन बहनों के लिए खास राहत का विषय है जो दूर-दराज से भाइयों को राखी बांधने आती हैं। वे दिनभर कभी भी राखी बांध सकती हैं।





### दुर्लभ संयोग बनाएंगे पर्व को विशेष

इस रक्षाबंधन पर ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति पर्व को और भी शुभ बना रही है। पूर्णिमा तिथि शनिवार को पड़ेगी और श्रवण नक्षत्र रहेगा। इस दिन चंद्रमा मकर राशि में रहेंगे। मकर राशि और शनिवार दोनों के स्वामी शनि देव हैं। श्रवण नक्षत्र के अधिपति भगवान विष्णु हैं। साथ ही सौभाग्य योग भी रहेगा, जो ब्रह्माजी के अधीन है। इस प्रकार यह रक्षाबंधन ब्रह्मा और विष्णु की साक्षी में मनाया जाएगा, जो इसे अत्यंत पावन बनाता है।


### रक्षाबंधन देगा शुभप्रद परिणामः पं. चौबे



ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व अक्सर शुभ संयोग वाला ही रहता है। लेकिन इस बार का रक्षाबंधन अत्यंत शुभप्रद परिणाम देने वाला है क्योंकि इस पर पूर्णिमा भद्रा नहीं है, साथ ही श्रवण नक्षत्र के साथ शनिवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है जो दोपहर के 3 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। राहु काल सुबह 8.37 से 10.33 तक रहेगा। इस राहु काल को छोड़कर बाकी ब्रह्म मुहूर्त सूर्योदय से लेकर पूरे दिन भर रक्षासूत्र बांधा जा सकता है। पूर्णिमा शुक्रवार को दोपहर 1 बजकर 34 मिनट से शुरू हो जाएगी, जो शनिवार को दोपहर 1 बजकर 19 मिनट तक रहेगा।

**शुभ संकल्प के साथ बनेंगे योगः** शनिवार को सूर्योदय से सुबह 8 बजकर 37 मिनट तक शुभ, दोपहर 12 बजकर 8 मिनट से 1 बजकर 45 तक चर, दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से 3 बजकर 21 तक लाभ, अपराह्न 3 बजकर 21 से 4 बजकर 47 तक अमृत, अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 44 मिनट से दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक विशेष के साथ पूरे दिन भर बहनें भाई को शुभ संकल्प लेकर राखी बांध सकती है।

## रैंप वॉक कर दिखाया जलवा, फिटनेस के प्रति किया जागरूक

**भिलाई।** नटराज डांस एंड फिटनेस अकेडमी द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिसेज इंडिया आइकॉन 2025 रश्मी डे, सारंगढ़ आएएस की पत्नी रानी चौहान और कुरिया संयुक्त कलेक्टर की पत्नी सिंधु वैध विशेष रुप से उपस्थित थी साथ ही शोभा धार्गवे, किरण सुखदेवे, डब्बुरी श्रीदेवी और सविता वर्मा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में रैम्प वॉक के द्वारा सावन क्विन का चुनाव किया गया। जिसमें डी. गीतांजलि सावन क्विन विनर रही। वहीं टी सुनिता फर्स्ट रनर अप और शोभा धार्गवे सेकण्ड रनरअप रही। इस कार्यक्रम में अकेडमी की महिलाओं द्वारा गेम खेला गया एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन नटराज डांस डॉ. पी आर्निका बिरुवास द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई रोचक गेम्स खेले गए और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

■ टी सुनिता रही फर्स्ट रनरअप व शोभा सेकंड रनरअप



## भक्ति वाला जीवन दूसरों को प्रेरणा देता है, जो सदगुरु से ही प्राप्त होता है



**भिलाई।** संत निरंकारी मिशन के राजपिता पूज्य रमित के स्वागत में विशाल संत समागम कृषि मंडी परिसर में आयोजित किया गया। छतीसगढ़ की धरा में रमित के आगमन पर पूरे प्रदेश के निरंकारी भक्तों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। विशाल संगत को संबोधित करते हुए पूज्य रमितजी ने कहा कि भक्ति वाला जीवन दुसरों को प्रेरणा देता है। भक्ति प्रेम है भक्ति समर्पण है और ऐसी भक्ति सदगुरु से प्राप्त होती है। गुरु ज्ञान से बैर मिटेगा और ज्ञान से ही दीवार रहित संसार निर्मित होगा। जहां प्रेम होता है वहा प्रीतम की बात होती है लेकिन जब इस बीच अक्ल आ जाये तो वहां माया और स्वार्थ का भाव आ जाता है। भक्त की सर्वोच्च अवस्था प्रेमा भक्ति वाली होती है। धर्म की शुरूवात वहां से होती है।

कार्नर न्यूज

पंडवानी गायिका तीजन बाई के जन्मदिवस पर आज कलाकार करेंगे सम्मानित

# कला के शिखर पर बैठी पंडवानी गायिका तीजन कई बार मौत को दे चुकीं मात, पद्मविभूषण से अलंकृत इकलौती कलाकार

**भिलाई।** रत्नगर्भा छत्तीसगढ़ की धरती ने कई रत्न दिए हैं। अपने मोहक पंडवानी गायन से लाखों कलाप्रेमियों को सम्मोहित करने वालीं अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका तीजन बाई शुक्रवार यानी 8 अगस्त को पूरे 79 साल की हो जाएंगी। कला जगत में उन्हें वह कोहिनूर हीरा माना गया है, जिसकी चमक आधी सदी से अधिक समय तक देश दुनिया को चकाचौंध करती रही। अपनी अप्रतिम कला साधना और दीर्घ कलात्मक योगदान से एक पंडवानी गायिका से पंडवानी गायिका के रूप में लोक कला के शिखर पर पहुंचने वालीं तीजन बाई छत्तीसगढ़ की इकलौती कलाकार हैं, जिन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मम अलंकरण के तीनों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि दो साल पूर्व पुत्र की ह्दयाघात से मौत के सदमे से पक्षाघात से जूझने वाली अदम्य इच्छाशक्ति और हौसले से लबरेज यह लोकगायिका कई बार मौत को मात दे चुकी है।

महज 13 बरस की छोटी सी उम्र से नाना बृजलाल पारधी से पंडवानी गायन सीखने वालीं पंडवानी गायिका तीजन अपनी छह दशक की कलायात्रा में मुफलिसी और दकियानूसी समाज से संघर्ष करते हुए लोक कला के जिस एवरेस्ट को हासिल किया वह प्रेरक है।





पंद्रह साल तक घोर गरीबी में जीते हुए तीजन को कभी स्कूल की दहलीज नसीब नहीं हुई लेकिन पंडवानी की साधना ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय सहित 5 विवि ने डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित कर डां.तीजन बाई बना दिया। वे छग की इकलौती लोक कलाकार हैं,जिन्हें राष्ट्रपतियों ने पद्म सम्मान के तीनों अंलकरण यानी पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण से अलंकृत किया है। कापालिक शैली में पंडवानी गाने वालीं तीजन का हौसला कला में ही नहीं वरन विपदाओं व जिंदगी के हादसों से भी जूझने में भी उनकी जिजिविषा बेनजीर है।

### फ्रांस महोत्सव भागीदारी बाद बीएसपी ने बढ़ाया हौसला

1986 में फ्रांस महोत्सव में मप्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं तीजन बाई को बीएसपी के सामुदायिक विभाग के लोक कला मर्मज्ञ स्व. डां. विमल कुमार पाठक के कलाप्रेमी मैनेजिंग डायरेक्टर केआर संगमेश्वरन से श्रेय मिलने के आग्रह पर बीएसपी में बतौर एनएमआर नौकरी मिली, जहां से वे बतौर कनिष्ठ अधिकारी सेवानिवृत्त हुईं। नौकरी मिलने के बाद गरीबी कम होने व कड़ी साधना से तीजन बाई की पंडवानी कला परवान चढ़ी और भिलाई से दिल्ली, मंबई बैंगलुरु आदि शहरों के साथ फ्रांस, जर्मनी, जापान, साईप्रस टर्की, बांग्लादेश आदि कई देशों में उन्होंने सांस्कृतिक दूत के रुप में पंडवानी को समृद्ध किया। देश व छग की ऐसी बेजोड़ सांस्कृतिक धरोहर तीजन बाई का शुक्रवार को जन्म दिवस मनाने परिवार और लोककलाकार बिरादरी उनकी हौसलाआफजाई के लिए उनके गृहग्राम गनियारी में जुटेंगे। बहू रेणु बताती हैं कि अम्मा तीजन बहुत खुश हैं। बहुएं, नाती पोता और दामादों सहित लोक कलाकार उनके जन्मदिन पर जुटेंगे।

### बचपन में डूबते व प्लेग से बचीं

इच्छाशक्ति से लबरेज तीजन अपने जीवन में कई बार मौत को मात दे चुकी हैं। छोटी बहन रंभा देशमुख बताती हैं कि संघर्ष की ताकत उन्हें अपनी पंडवानी कला से ही मिलती है। बकौल बहू रेणू 21 मई 2023 को अम्मा (तीजन बाई) के बेटे शत्रुघन की हार्ट अटैक से मृत्यु के सदमे से उन्हें 31 मई को पैरालाइस अटैक आने से सभी नाउम्मीद हो चुके थे। लेकिन उनके हौसले, परिवार की देखभाल और सभी की दुआओं ने उन्हें आज व्हीलचेयर पर बैठने लायक बना दिया। उनका दो साल से से. 9 बीएसपी अस्पताल व एम्स में इलाज चल रहा है। वे अभी भी बेड पर हैं लेकिन स्वास्थ्य पहले से अच्छा है। पहले भी तीजन बाई कई बार मौत को छका चुकी हैं। उनके पुत्र दिलहरण बताते हैं कि 1 वर्ष की तीजन को एक कुत्ता मुंह में दबाकर ले गया था, दौड़ाने पर झाड़ियों के पीछे मिलीं। फिर जब गांव में प्लेग फैला तो दुर्ग भांठा में दादा उन्हें चल बसीं समझ कर हैजा से डरे काफिल के साथ आगे बढ़ गए थे। बाद में राहगीरों ने उनके जीवित होने की खुशखबरी दी। वहीं नहर में नहाते हुए भी तीजन दूर तक बह गईं थीं, गांववालों ने उन्हें सुरक्षित निकाला।

सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों ने पुलिस जवानों को बांधी राखी, हुए भावुक



**भिलाई।** शकुंतला विद्यालय के कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के छात्राएं पुलिस बटालियन प्रथम वाहिनी दुर्ग पहुँचे। जहाँ उन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ देश की सुरक्षा में तैनात जांबाज जवानों को अपने हाथों से बनाई राखियां बांधी। बच्चों ने स्वयं राखियां बनाईं और उन्हें थाल में रोली, कुमकुम, मिठाई और नारियल के साथ सजा कर बड़े ही उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। जब बच्चों ने जवानों की कलाइयों पर राखियाँ बाँधी तो सभी विद्यार्थी भावुक दिखे। जवानों की आँखें इस स्नेह और सम्मान से नम हो गईं और उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, संवेदनशीलता और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। सौहाद्र और खुशी के इस अवसर पर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने देश के कर्णधारों को रक्षा बन्धन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की। साथ ही वीर जावानों को अपना घर और अपने लोग जैसा सा वातावरण उपलब्ध कराने की पहल भी की।

● सामाजिक संगठनों द्वारा पूरे सावन महीने किया जा रहा आयोजन, दिख रहा उत्साह

# महिलाओं के सशक्तिकरण, कला-संस्कृति, प्रेम और सौंदर्य का उत्सव है तीज, सेलिब्रेशन में नृत्य, गीत-संगीत की मची धूम

**भिलाई।** ट्विनसिटी में इन दिनों विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा जगह-जगह तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। जहां महिलाओं अपनी नई-पुरानी सहेलियों से मिलकर बीते दिनों को याद कर यादें ताजा कर रही है तो वही सावन के झूले और गेम्स का आनंद भी ले रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में महिलाओं के लिए तीज मिलन का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने नृत्य, गीत संगीत, नाट्य प्रहसन सहित हर इवेंट में उत्साह पूर्वक भाग लेकर आनंद उठाया और प्रफुल्लित नजर आईं। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन ने कहा कि तीज मिलन समारोह महिलाओं के सशक्तिकरण, पारंपरिक कला-संस्कृति, प्रेम एवं सौंदर्य का उत्सव है। उन्होंने कहा कि सभी समाज की महिलाओं के मिलन समारोह से सामाजिक समरसता कायम होती है और उनका सशक्तिकरण होता है। उन्होंने सभी महिलाओं को तीज मिलन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजित तीज क्वीन स्पर्धा में मंजू कुर्रे को तीज क्वीन 2025 का खिताब दिया गया। फर्स्ट रनरअप रूखमणी पटेल और शशिप्रभा धनकर सेकेंड रनरअप रही। इस बार महिलाओं के तीज क्वीन के लिए परिधान के लिए थीम महिलाओं का सोलह श्रृंगार रखा गया था। महिलाओं ने बहुत ही उत्साह से सोलह श्रृंगार कर आयोजन में भाग लिया।





### नाटक देख हुए लोटपोट

रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति में सुनीता केसरवानी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। वही सीमा साहू, लता चंद्राकर, कुमुद ताम्रकार, अनिता वर्मा, महेश्वरी देवांगन, हेमलता पटेल, ज्ञानू मैत्रेय, उषा कौशल, रोशनी साहू ने छत्तीसगढ़ी एकल गीत प्रस्तुत किया। नाट्य में कांति वर्मा, शतरूपा वर्मा, सुलोचनी वर्मा एवं लता चंद्राकर ने लोगों को खूब हंसाया। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी को सुहाग सामग्री भेंट की गई।

### सावन झूले का लिया आनंद

इस अवसर पर लगाए गए सावन झूले का महिलाओं ने खूब आनंद लिया। समारोह में प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, रिसाली निगम की एमआईसी सदस्य डॉ.सीमा साहू, शकुन्तला केसकर, डिकेश्वरी पटेल, पुष्पा यादव, नीता देशमुख, अनिता वर्मा, भूमिका देवांगन, अमिता वर्मा, कुमुद ताम्रकार, महेश्वरी देवांगन, सुमित्रा रात्रे आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन सुमन देवांगन एवं अनिता वर्मा ने किया।

### सावन के गीतों पर दी लोकनृत्य की प्रस्तुति



भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा स्टील क्लब सेक्टर-8 में सावन तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और सावन के पारंपरिक उल्लास को सांस्कृतिक रंगों में सजाया। इस अवसर पर अतिथि विनीता मनीष पाण्डेय उपस्थित होकर महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सामूहिक नृत्य, गीत-संगीत और परंपरागत प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका बॉबी दास ने कहा कि महिला सहभागिता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे। आयोजन में जोबा घोष, सविता नाहक, प्रेमलता, रजनी, राखी रॉय, शिप्रा मंडल, शर्मिला दत्ता, रश्मि श्रीवास्तव, सोमा, बिपाशा, रूमा, तुलिका आदि उपस्थित थे।

### अन्य प्रतियोगिता में रहे विजेता

तीज उत्सव के आयोजन में हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर गेम में प्रथम प्रमीला साहू, द्वितीय स्वाति देवांगन, तृतीय हेमलता साहू, चिट निकलो गेम में प्रथम सावित्री केसरवानी, द्वितीय शैल वर्मा, तृतीय प्रमीला साहू, समूह नृत्य में उमा साहू, सुनंदा साहू, राजकुमारी, भावना, रेखा, माया साहू के ग्रुप ने रायपुर के गोल बजार गीत तथा अमिता वर्मा, सरस्वती चंदेल, माया श्रीवास्तव, सुमन चौहान, भारती साहू, शशिप्रभा के ग्रुप ने मोर बर लेदे न लाली लुगरा गीत पर धूम मचाया।

धर्म लाइव

## कांवड़ यात्रा में शिव-पार्वती की झांकी देख भक्त हुए भाव-विभोर



**भिलाई।** शिव गंगा सरोवर समिति औद्योगिक नगर उत्तर वार्ड 17 दुर्ग के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा संघ दुर्ग के पदाधिकारियों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में शिव-पार्वती की झांकी देख भक्त भाव-विभोर हो उठे। इस दौरान झांकी में शिव के रूप में खुशी चंद्राकर एवं माता पार्वती के रुप में तमन्ना साहू शामिल हुई। यह कांवड़ यात्रा शिवनाथ नदी महमरा से नदी का जल लेकर कांवड़ यात्रियों द्वारा पद यात्रा करते हुए गंजपारा चौक, पटेल चौक से इंदिरा मार्केट पहुंची। जहां दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, सुरूचि उमरे, भास्कर तिवारी, तेखन सिन्हा, निलेश सिन्हा, कार्तिक सिन्हा, कुमार चंद्राकर, कन्हैया देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। जहां कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। धमधा नाका मुख्य मार्ग पर दुर्ग महापौर अल्का बाघमार द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए कांवड़ यात्रीयों की अगुवाई की। कांवड़ियों ने औद्योगिक नगर तालाब में स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाया। इस दौरान फल, खिचड़ी और शरबत का वितरण किया गया। इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। इस कांवड़ यात्रा में मनोज चंद्राकर, राकेश सार्थी, मनोज साहू, राजा देवांगन, तेखन सिन्हा, कन्हैया देवांगन, राजु पेंटर, कुमार चंद्राकर, आशीष पांडेय, दानेश्वर, मनीष, राज, केवल, वेदांत, टेकराम साहु, टकेश्वर वर्मा, राधेलाल साहु, बंटी उपरीकर, पुनीत राम साहु, राजेन्द्र साहु, सुरेश साहु, बसंत देवांगन, नारायण निर्मल कर, चिंताराम यादव, दिनेश वर्मा, चुरामन साहु, मुरली सागरवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

अनावरण कार्यक्रम

## दुर्गा काली मंदिर उरला में हुई गुरुमाता रागिनी देवी की मानव प्रतिमा स्थापित



भिलाई। दुर्गा काली मंदिर उरला में गुरुमाता रागिनी देवी कहार की प्रतिमा की स्थापना की गई। दुर्ग सिद्धपीठ के नाम से प्रसिद्ध मां जगतारण दुर्गा काली मंदिर उरला में मुख्य पुजारी गुरु सुशील कहार की धर्मपत्नी गुरुमाता रागिनी देवी कहार की प्रथम पुण्य तिथि पर गुरुवार को मंदिर परिसर में अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा स्थापित कर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार, सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने गुरुमाता रागिनी देवी कहार को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें एक देवी स्वरूपा पुण्य आत्मा बताते हुए अल्पायु में पहली बरसी पर नमन किया। उनके स्मृति में मंदिर समिति द्वारा स्थापित किए गए प्रतिमा को उनके जीवन काल में किए गए सेवा व आचरण को स्मृति के रूप चीर स्थाई करने की दिशा में सार्थक कदम बताया। उरला बायपास रोड के नीचे स्थित मां जगतारण काली मंदिर की ख्याति से प्रभावित होकर दूर-दूर से भक्त जन मातारानी का दर्शन करने पहुंचते है। इसके मुख्य सेवक गुरु सुशील कहार द्वारा वर्षो से दीन दुखियों की सेवा कर मातारानी की भक्ति के माध्यम से स्थानीय ही नही दूर दराज से आने वाले पीड़ितों की भी सेवा किया जाता है और उनके इस कार्य में उनकी धर्मपत्नी रागिनी देवी कहार भी हाथ बटांती थी जिसे भक्त गुरुमाता के रूप देखते थे,लेकिन एक वर्ष पूर्व अस्वस्थता के चलते उनकी मृत्यु हो गई उनकी पहली बरसी पर उनके सम्मान में आज गुरुमाता की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर दिनेश नलोडे, अमित पटेल,नवीन साहू,गोलू सोनकर,पीलिया बाई साहू,गणेश साहू सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सावन का आयोजन

## महारुद्र पाठ के मंत्रोच्चार और ॐ नमः शिवाय के जयकारों के साथ हुआ शिव रुद्राभिषेक



**भिलाई।** श्रावण महीने का कल सामापन हो जाएगा। जिसके पूर्व गुरुवार को श्रावण महीने के अवसर पर रिसाली आशीष नगर दुर्गा मंच में सार्वजनिक रुद्राभिषेक, हवन- पूजन कार्यक्रम का आोयजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित हुए। उन्होंने रुद्र पाठ के मंत्रोच्चार और ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए मंगलकामना की। कार्यक्रम में रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, विपिन सिंह और बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान ललित चंद्राकर ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही क्षेत्र का विकास और समृद्धि संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से भगवान शिव की पूजा अर्चना करने और उनके आशीर्वाद को प्राप्त करने और बच्चों को आध्यात्मिकता से जोड़ने की बातें कही।

**सुख समृद्धि की कामना**

सिटी इवेंट

## दुर्ग की योग साधिका लता ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में मारी बाजी



**भिलाई।** राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में दुर्ग जिले के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें लता साहू ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और निरंतर अभ्यास के बल पर शानदार सफलता अर्जित करते हुए जिले का नाम रौशन किया। जो लता की वर्षों की साधना, समर्पण और आत्मविश्वास का प्रतिफल है। उनकी इस उपलब्धि में योग प्रशिक्षिका कोच टिना साहू का मार्गदर्शन रहा है। दामिनी योगा एंड वैलनेस के सदस्यो ने लता साहू को इस उपलब्धि के लिए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान वैदिक विद्वान डॉ. अजय आर्य ने बधाई देते हुए कहा कि योग केवल आसन नहीं, यह जीवन को सुंदर, सजीव और संतुलित बनाने की एक कला है।

तुलसीदास जयंती समारोह में बताया, राम का अस्तित्व सार्वभौमिक

कार्नर न्यूज

# तुलसीदास ने राम के सद्गुणों को लोगों तक पहुंचाने रामचरितमानस की रचना की, हनुमान चालीसा व भजनों की दी प्रस्तुति, किया बखान

**भिलाई।** दुर्गिन्दी साहित्य समिति एवं सियान सदन पोटियाकला दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह चंद्राकर भवन मिनाक्षी नगर में तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन दो सत्रों में आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने तुलसीदास जी के द्वारा मर्यादा पुरोषत्तम राम के चरित्र और मानस के नारी पात्र पर अपने विचार प्रस्तुत किये। दूसरे सत्र में काव्य पाठ, हनुमान चालीसा और रामायण के भजन गाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व प्राध्यापक डॉ चित्तरंजन कर, हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, वक्ता के रूप में प्रो. निशा साहू सहायक प्राध्यापक घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग और बलराम साहू गुंडरदेही उपस्थित थे।





### रामचरित मानस लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत

कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ चित्तरंजन कर ने कहा कि राम का अस्तित्व सार्वभौमिक है। राम केवल एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उनका अस्तित्व पूरे ब्रह्मांड में है। तुलसीदास ने राम के सद्गुणों सत्य, न्याय, धैर्य, और करुणा, सभी पक्षों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रामचरितमानस की रचना की। मानस लोक के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रो. निशा साहू ने मानस के नारी पात्र पर विचार रखते हुए कहा कि मानस के पात्र हमारे व्यवहारिक गृहस्थ जीवन की उच्चत्तम आदर्श हैं। यदि हम राम राज्य की परिकल्पना करते हैं तो इसके पीछे नारी पात्र की महती भूमिका है। बलराम साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि रामचरितमानस एक जीवन दर्शन है। यह न केवल भगवान राम के जीवन का वर्णन करता है, बल्कि यह जीवन के विभिन्न पहलुओं, मूल्यों और आदर्शों को भी प्रस्तुत करता है। तुलसीदास ने मानस के माध्यम से नैतिकता, कर्तव्यबोध, प्रेम, त्याग, और समर्पण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला है।

### तुलसीदास ने किया नवीन चेतना का संचार

अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए बलदाऊ राम साहू ने कहा कि रामचरितमानस ने भारतीय समाज में राष्ट्रीय चेतना को भी बल दिया। रामराज्य का आदर्श समाज और राज्य की परिकल्पना से लोगों में न्याय, धर्म, और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना जागृत हुई। तुलसीदास ने तत्कालीन समाज के विसंगतियों पर प्रहार करते हुए लोक में नवीन चेतना का संचार किया। डॉ. चित्तरंजन कर और बलराम साहू ने रामायण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। वरिष्ठ साहित्यकार सरला ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि राम भारतीय जीवन दर्शन के मूल है। जिसे कोई अलग नहीं कर सकता। मंच संचालन डॉ शाद बिलासपुरी ने किया। प्रथम सत्र का समापन हनुमान चालिसा से किया गया।

### काव्य पाठ से जमाया रंग

द्वितीय सत्र में कवियों द्वारा काव्य पाठ का कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. निर्वाण तिवारी ने किया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी राजनारायण श्रीवास्तव तथा सुशील यादव द्वारा किया गया, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ निर्वाण तिवारी और गुलबीर सिंह भाटिया का शॉल और श्रीफल से साहित्यिक अभिनंदन किया गया। इस आयोजन में दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति एवं सियान सदन पोटियाकला दुर्ग के सदस्यों के अतिरिक्त नगर के श्रोता उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

# प्लेयर ऑफ द ईयर आयुष और कृति, महमूद को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से संबद्ध खिलाडियों के लिए वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन गुरुवार को उमरिया, रायपुर में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य एवं जिला स्तर के आयोजनों में वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इनमें सीएससीएस प्लेयर ऑफ द ईयर में पुरुष सीनियर वर्ग आयुष पांडे (सीज़न में 1165 रन, जिसमें 7 अर्द्धशतक और 2 शतक शामिल ), पुरुष जूनियर वर्ग में विकल्प तिवारी (सीज़न में 970 रन, जिसमें 5 अर्द्धशतक और 3 शतक शामिल) महिला सीनियर वर्ग में कृति गुप्ता (481 रन और 19 विकेट), महिला जूनियर वर्ग में महक नरवासे (395 रन और 34 विकेट), सीएससीएस का प्रतिनिधित्व करने वाले आईपीएल खिलाड़ी शशांक सिंह और अजय मंडल, वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जिला प्लेट ग्रुप- कोरबा जिला क्रिकेट संघ और एलिट ग्रुप- रायपुर जिला क्रिकेट संघ, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड स्व. महमूद हसन और आजीवन उत्कृष्टता पुरस्कार विजय शाह शामिल हैं।

सर्वाधिक रन पाने वाले खिलाड़ी में पुरुष वर्ग के प्रदर्शन में रणजी ट्रॉफी आयुष पांडे 744 रन, विजय हजारे वनडे आशुतोष सिंह 222 रन, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अनुज तिवारी 109 रन, सी के नायडू ट्रॉफी आशीष कुमार डहरिया 624 रन, पुरुष अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी एक दिवसीय आयुष पांडे 391 रन, कूच बिहार ट्रॉफी विकल्प तिवारी 503 रन, वीनू मांकड़ ट्रॉफी साहिल रजत शरीफ 365 रन, विजय मर्चेंट ट्रॉफी आदित्य वर्मा 251 रन, राज सिंह




डूंगरपुर ट्रॉफी अंशुमन ठाकुर 174 रन, सर्वाधिक विकेट लेने वाला खिलाड़ी - पुरुष वर्ग का प्रदर्शन रणजी ट्रॉफी एम रवि किरण 27 विकेट,विजय हजारे एक दिवसीय हर्ष यादव 9 विकेट, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अजय मंडल 7 विकेट, सीके नायडू ट्रॉफी दीपक यादव 37 विकेट, पुरुष अंडर-23 राज्य ए ट्रॉफी एक दिवसीय वरुण सिंह भुई 16 विकेट, कूच बिहार ट्रॉफी धनंजय नायक 23 विकेट, वीनू मांकड़ ट्रॉफी विकल्प तिवारी 16 विकेट, विजय मर्चेंट ट्रॉफी वेदांत जैन 26 विकेट, राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी अंकुश कुमार 8 विकेट,सर्वाधिक रन पाने वाली खिलाड़ी महिला वर्ग प्रदर्शन में सीनियर महिला वनडे कृति गुप्ता 195 रन, सीनियर महिला टी-20 कृति गुप्ता 67 रन, महिला अंडर-23 एक दिवसीय यशा भारती देवांगन 135 रन, महिला अंडर-23 टी-20 कृति गुप्ता 148 रन, महिला अंडर-19 एक दिवसीय महक नरवासे 151 रन, महिला अंडर-19 टी-20 आकांक्षा रानी 87 रन, महिला अंडर-15 वनडे यति शर्मा 349 रन, सर्वाधिक विकेट लेने महिला वर्ग प्रदर्शन में सीनियर महिला वनडे सलोनी डोंगरे 15 विकेट, सीनियर महिला टी-20 प्रतिज्ञा सिंह 4 विकेट, महिला अंडर-23 वनडे शिवानी यादव 10 विकेट, महिला अंडर-23 टी-20 कृति गुप्ता 9 विकेट, महिला अंडर-19 वनडे महक नरवासे 12 विकेट, महिला अंडर-19 टी-20 शांति बघेल 5 विकेट, महिला अंडर-15 वनडे दीपिका भगत 14 विकेट,अंतर जिला टूर्नामेंट-2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में अंडर-14 मनन देवांगन 445 रन, अंडर-19 वनडे बी बालाजी राव 273 रन, अंडर-19 मल्टी डे यश कुमार वर्दा 481 रन, सीनियर ग्रुप मल्टी डे अनुराग साहू 548 रन, सीनियर टी-20 संजीत देसाई 269 रन,सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी अंतर जिला टूर्नामेंट-2024 एलिट ग्रुप में अंडर-14 अर्शवीर सिंह भाटिया 34 विकेट, अंडर-19 वन डे उत्कृष्ट तिवारी 14 विकेट, 3 अंडर-19 मल्टी डे शिवम यादव 29 विकेट, सीनियर ग्रुप मल्टी डे वरुण सिंह भुई 26 विकेट, सीनियर टी-20 एमडी सोहेल 12 विकेट,सहायक स्टाफ पुरस्कार में वर्ष के उत्कृष्ट अंपायर मंजीत सिंह, वर्ष के उत्कृष्ट स्कोरर संतोष कुमार ठाकुर, वर्ष के उत्कृष्ट फिजियो किशोर नखले, उत्कृष्ट स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच अपूर्व भंडारी, वर्ष के उत्कृष्ट कोच अनिरुद्ध सिंह शामिल हैं।

## गंभीर चिंता का कारण बनती जा रही है 'सीवीडी' की समस्या

# 'सीवीडी' के चपेट में आ रहे शहरी इलाके में लोग, दिल से जुड़ी यह बीमारी तेजी से बढ़ रही हर उम्र के लोगों में

साल 2025 में अध्ययनों के विश्लेषण में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि भारतीय आबादी सीवीडी का शिकार होती जा रही है। शहरी भारत में लगभग 12% वयस्क कोरोनरी आर्टरी डिजीज से प्रभावित हैं, इसके कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो रही है।

वैश्विक स्तर पर जिन बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर हर साल अतिरिक्त दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज उनमें से प्रमुख है। भारतीय आबादी में भी इस रोग का खतरा तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है, जो गंभीर चिंता का कारण बनती जा रही है।

कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाली बीमारियों का समूह है। सीवीडी कई प्रकार की स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कि कोरोनरी आर्टरी डिजीज, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और धड़कनों से संबंधित समस्याओं का कारण बनती है जिसके कारण जान जाने का खतरा अधिक रहता है। साल 2025 में अध्ययनों के विश्लेषण में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि भारतीय आबादी सीवीडी का शिकार होती जा रही है। शहरी भारत में लगभग 12% वयस्क कोरोनरी आर्टरी डिजीज से प्रभावित हैं, इसके कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो रही है। मरने वालों में 20 साल की उम्र से लेकर 80 साल तक के लोग शामिल हैं। आइए जानते हैं कि इसका खतरा क्यों बढ़ता जा रहा है और सीवीडी से बचे रहने के लिए पहले से क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



### कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इसका जोखिम

अध्ययन की रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवनशैली ने सीवीडी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बना दिया है। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने की तत्काल आवश्यकता है। भारत में होने वाली लगभग 28% मौतों के लिए हृदय रोग जिम्मेदार हैं, जिससे ये देश में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण बन गए हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में सीवीडी और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

### सीवीडी से संबंधित मौतों में वृद्धि चिंताजनक



ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सीवीडी से संबंधित मौतों की संख्या 1990 में 2.26 मिलियन (22.6 लाख) से बढ़कर साल 2020 में 4.77 मिलियन (47.7 लाख) हो गई। यह वृद्धि न केवल जनसंख्या वृद्धि के कारण है, बल्कि रोग पैटर्न में बदलाव को भी दर्शाती है। भारत की शहरी और ग्रामीण आबादी, दोनों ही अलग-अलग तरीकों से इससे प्रभावित हैं। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग (सीवीडी) का प्रसार लगभग 14% होने का अनुमान है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह लगभग 8% है, जो पिछले दशकों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। यह वृद्धि शहरों से परे दूरदराज के क्षेत्रों में सीवीडी जोखिम कारकों के प्रसार को उजागर करती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवि प्रकाश बताते हैं, सीवीडी के कारण हृदय और रक्त वाहिकाओं पर सबसे ज्यादा असर होता है। उच्च रक्तचाप, अस्वास्थ्यकर आहार, हाई कोलेस्ट्रॉल-मधुमेह, वायु प्रदूषण, मोटापा, तंबाकू का सेवन, किडनी की बीमारी, शारीरिक निष्क्रियता और तनाव शामिल हैं। पारिवारिक इतिहास, जातीय पृष्ठभूमि, लिंग और आयु भी किसी व्यक्ति के हृदय



स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

### इस खतरे से बचने के लिए क्या करें?

इस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव और जोखिम कारकों के प्रबंधन पर कम उम्र से ही ध्यान देते रहना जरूरी है। हृदय रोग (सीवीडी) को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए धूम्रपान छोड़ना, स्वस्थ आहार अपनाना, नियमित शारीरिक गतिविधि करना, वजन को कंट्रोल रखना, तनाव प्रबंधन और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है। चूंकि अब ये किसी विशेष उम्र से संबंधित समस्या नहीं रही है, इसलिए कम उम्र से ही अपने जोखिम कारको पर ध्यान देना और बचाव के उपायों का पालन करते रहना जरूरी है।



# बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों को लेकर रहें सचेत

जुलाई से अक्तूबर के महीने में दिल्ली-एनसीआर में मच्छर जनित रोगों के मामले बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर कुछ उपाय करते रहना चाहिए।

मानसून का ये मौसम कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है। मई-जून की भीषण गर्मी के बाद बारिश का ये समय सुकून देने वाला जरूर होता है पर ये अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां भी लेकर आता है। बारिश के दिनों में जलजमाव बढ़ जाता है जो मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और आईसीएमआर जैसे संस्थानों की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में हर साल लाखों लोग इन बीमारियों की चपेट में आते हैं। मगर अच्छी बात ये है कि थोड़ी सी जागरूकता और बचाव के उपाय अपनाकर हम इन बीमारियों को खुद से और अपनों से दूर रख सकते हैं।



### मच्छर जनित रोगों का खतरा

साल 2023 के डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल 24 करोड़ से ज्यादा लोग मलेरिया से ग्रस्त होते हैं, जिनमें से 6 लाख से अधिक की मौत हो जाती है। डेंगू के मामले भारत में पिछले 5 वर्षों में दोगुने हो गए हैं।आईसीएमआर रिपोर्ट बताती है कि बारिश के बाद रुका हुआ पानी मच्छरों की सबसे उपयुक्त प्रजनन भूमि बनता है, जिससे संक्रमण तेजी से फैलता है। जुलाई से अक्तूबर के महीने में दिल्ली-एनसीआर में मच्छर जनित रोगों के मामले बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर कुछ उपाय करते रहना चाहिए।

### डेंगू का खतरा

20 अप्रैल तक के डेटा पर गौर करें तो पता चलता है कि राजधानी दिल्ली-एनसीआर में डेंगू के 118 मामले रिपोर्ट किए गए। फिलहाल ये मामले पिछले साल की तुलना में कम हैं, जब साल 2024 में इस समय तक 130 केस सामने आए थे। साल 2023 और 2022 में क्रमशः 47 और 74 डेंगू के मामले सामने आए थे। छत्तीसगढ़ में भी हालात बेहतर नहीं है बल्कि शहरी इलाकों से डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

### मच्छरों और इसके कारण होने वाले रोग से करें बचाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्थिर और साफ पानी डेंगू मच्छरों के प्रजनन के लिए सबसे उपयुक्त होता है। इसके अलावा प्लास्टिक के कंटेनर, एयर कूलर, फूलों के गमले, टायर और खाली पड़े किसी भी सामान जहां पानी जमा हो सकता है उनमें मच्छर पनप सकते हैं। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए कूलर-गमलों का पानी बदलते रहें। घरों के आसपास कहीं पानी जमा न होने दें। मच्छरों को भगाने के लिए दवाओं का छिड़काव कराएं।



# खुशहाली के लिए अपनाएं फेंगशुई के उपाय

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में चीनी सिक्कों का विशेष महत्व होता है। फेंगशुई सिक्के सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को दर्शाते हैं। घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए घर के मुख्य दरवाजे और खिड़कियों पर सिक्कों लटकाया जाता है।

### फेंगशुई घंटी

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में घरों में लटकती हुई घंटियों का विशेष महत्व होता है। घर के दरवाजे और खिड़कियों में फेंगशुई घंटी को टांगने पर वातावरण बहुत ही सकारात्मक और खुशनुमा होता है। समय-समय पर जब भी घंटियों की आवाज आती है तो घर का माहौल बहुत ही सकारात्मक हो जाता है और घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।

### फेंगशुई सिक्का

फेंगशुई वास्तु शास्त्र में चीनी सिक्कों का विशेष महत्व होता है। फेंगशुई सिक्के सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को दर्शाते हैं। घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए घर के मुख्य दरवाजे और खिड़कियों पर सिक्कों लटकाया जाता है। इससे घर से दरिद्रता दूर होती है। करियर-कारोबार में सफलता प्राप्त करने के लिए फेंगशुई के सिक्के को त्रिकोण में बांधकर रखना अच्छा होता है।

### डॉल्फिन मछली

मछली को शुभ और पवित्र माना जाता है। फेंगशुई में डॉल्फिन मछली को धन, खुशहाली और सुख-शांति का प्रतीक माना गया है। नौकरी, व्यापार में तरक्की और दांपत्य जीवन में सुख के



लिए डॉल्फिन मछलियों का जोड़ा रखना बहुत शुभ माना गया है। मछली के जोड़ों को घर के नार्थ-ईस्ट में ड्राइंग रूम या लिविंगरूम में रख सकते हैं।

### ड्रैगन मछली

घर से नकारात्मकता को दूर करने के लिए फेंगशुई में ड्रैगन मछली को बहुत महत्व दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि सुनहरी ड्रैगन मछली घर की आर्थिक संपन्नता को बढ़ाने में मदद करती है।

एक तरफ जहां वास्तु में कुछआ को बहुत ही शुभ माना जाता है उसकी प्रकार फेंगशुई में इसका विशेष महत्व होता है। घर पर कछुए को रखने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। घर पर कछुआ रखने से तमाम तरह की बीमारियों और छिपे हुए दुश्मनों पर जीत मिलती है।

# माथे की बनावट बताती है आपका व्यक्तित्व



सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार किसी व्यक्ति के शरीर की बनावट से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व के कई पहलुओं के बारे में विषेश जानकारी देती है। आज हम जानेंगे कि किसी व्यक्ति के माथे को देखकर उसके व्यक्तित्व के कौन-कौन से गुण पहचाने जा सकते हैं। सामुद्रिक शास्त्र में इस बात का वर्णन है कि किसी व्यक्ति के शरीर की बनावट से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व के कई पहलुओं के बारे में विषेश जानकारी देती है। चेहरे की बनावट, हाथ की उंगलियां, माथे और पैरों के तलवे, ये सब व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में संकेत देते हैं। आज हम जानेंगे कि किसी व्यक्ति के माथे को देखकर उसके व्यक्तित्व के कौन-कौन से गुण पहचाने जा सकते हैं।

### चौड़ा माथा

जिन लोगों का माथा चौड़ा होता है, वे स्वभाव से गंभीर, बुद्धिमान और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने वाले होते हैं। ऐसे लोग अक्सर जीवन में उच्च पद प्राप्त करते हैं। उनमें नेतृत्व की क्षमता होती है और वे महत्वाकांक्षी होते हैं। ये लोग शांत और दूरदर्शी होते हैं।

### संकीर्ण माथा

अगर किसी व्यक्ति का माथा छोटा या संकीर्ण हो, तो वह जल्दी प्रतिक्रिया देने वाला होता है और भावनात्मक रूप से संवेदनशील भी। ऐसे लोगों को जीवन में संघर्षों का सामना करना पड़ सकता है और उन्हें सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। उनकी सोच सीमित हो सकती है और कई बार वे जल्दबाजी में निर्णय लेते हैं।

### आगे झुका हुआ माथा

जिन लोगों का माथा थोड़ा उभरा या आगे की ओर झुका होता है, वे आमतौर पर धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं। ऐसे व्यक्ति पूजा-पाठ में रुचि रखने वाले और आत्मविश्वासी होते हैं।

## कार्नर न्यूज

## योग आपको रखता है निरोग, जरूर अपनाएं

# खूशबू से भरपूर अरोमा योग अपनाने के कई फायदे, तंदरुस्ती के साथ मन भी रहेगा प्रसन्न

योग हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। यूं कहें कि रोग आपको निरोग रख सकता है। ये ना सिर्फ शरीर की मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है बल्कि हमारे मन मस्तिष्क को भी शांत रखने में मदद करता है। कुल मिलाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग काफी जरूरी है।

योग के अपने-अपने प्रकार हैं। कुछ से आप वाकिफ होंगे तो कुछ के बारे में जानकारी नहीं होगी। आज हम आपको योग के एक ऐसे फॉर्म के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिसके बारे में शायद ही लोगों को मालूमात होगी। बात है अरोमा योग की। एक्सपर्ट इसके कई फायदे बताते हैं। इस बारे में पीएसआरआई अस्पताल के कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट परमजीत सिंह जानकारी दे रहे हैं।

### क्या होता है अरोमा योग

अरोमा का साफ मतलब खुशबू होता है,यानी खुशबू या सुगंध के साथ योग करना। ये दो विधियों का संगम है। योग के वक्त अरोमा ऑयल्स या किसी तरह की खुशबू, किसी सुगंधित पौधे के रसों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे



आपके मानसिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलती है। ये इस योग में लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस, रोज, या जो भी सुगंधित तेल, खुशबू आपको पसंद है उसका इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए जान लेते हैं इस योग को करने का तरीका क्या है और इससे क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### कैसे करें अरोमा योग ?

सबसे पहले योग करने के लिए शांत, ठंडी और सुरक्षित जगह का चुनाव करें। यहां आप मैट बिछाकर वज्रासन में बैठ जाएं। अब आप अपना पसंदीदा अरोमा तेल चुने,जैसे लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस आप अरोमा तेल को डिफ्यूजर में डाल कर अपने पास रख सकते हैं या फिर तेल की कुछ बूंदें अपने हाथों में लगाएं। अगर आपके पास तेल नहीं है तो खुशबू वाली मोमबत्ती का इस्तेमाल करें। अब प्राणायाम करें। बैठें और गहरी सांस लेने की कोशिश करें। अब सुगंध के साथ खुद को एक स्थिति में लाने का प्रयास करें। ध्यान के बाद धीरे-धीरे अपनी आंखों को आराम से खोलें। आपको शांति और खुशी ( इन तरीकों से लाइफ में ला सकते हैं खुशियां) का एहसास होगा।



### अरोमा योग के फायदे जानिए ?

अगर आपको मन बेचैन रहता है तो आप इस अभ्यास से अपने मन को एक स्थिर और शांत स्थिति में ले जा सकते हैं जिससे मानसिक ( मेंटल हेल्थ को इस ट्रिक से करें मजबूत) चिंता और तनाव कम हो सकता है। इस योग से आपको नींद की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है। ये आपको अच्छी नींद प्राप्त करने में मदद कर सकता है। अरोमा योग करने से अपनी भावनाओं पर आप नियंत्रण रख सकते हैं और अपनी आत्मा के साथ जुड़ सकते हैं। अरोमा योग करने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है और आप खुशी महसूस कर सकते हैं। इससे ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। काम में फोकस बढ़ता है।

अरोमा योग में उपयोग होने वाले आवश्यक तेलों की सुगंध, शारीरिक और मानसिक विश्राम को बढ़ावा देती है, जिससे तनाव कम होता है। अरोमा योग अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। कुछ आवश्यक तेलों की सुगंध, जैसे कि नीलगिरी और पुदीना, श्वसन तंत्र को शांत करने और सांस लेने में आसानी प्रदान करने में मदद करती है।अरोमा योग नर्वस सिस्टम को उत्तेजित करता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अफेयर कांड के बाद क्रिस का पहला रिएक्शन, ऑडियंस को दी चेतावनी



कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें मैडिसन कॉन्सर्ट के दौरान 'कोल्डप्ले' के फेमस सिंगर क्रिस मार्टिन को वहां मौजूद दर्शकों के साथ बात करते हुए देखा गया। उन्होंने शुरुआत करते हुए कहा, 'हम भीड़ में से आपमें से कुछ लोगों को हैलो कहना चाहते हैं।' क्रिस ने वायरल 'अफेयर एक्सपोज' पर चुटकी लेते हुए कहा, 'अब हम जो करने जा रहे हैं, वो ये है कि हम अपने कैमरों का इस्तेमाल करेंगे और आपमें से कुछ लोगों को बड़ी स्क्रीन पर लाएंगे। इसलिए प्लीज अगर आपने अभी तक मेकअप नहीं किया है तो अभी कर लें।' जैसे ही क्रिस ने अपनी परफॉर्मेंस को फिर से शुरू किया, दर्शक जोर-जोर से हंसने लगे। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट को हाल ही में कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान गले मिलते हुए पकड़े गए।

### टॉलीवुड

## सामने आया सुधीर बाबू का लुक, आज रिलीज होगा 'जटाधरा' का टीजर



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जटाधरा' का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। इस पोस्टर में सुधीर बाबू को एक शक्तिशाली योद्धा के रूप में और सोनाक्षी सिन्हा एक अनोखे अवतार में पेश किया गया है। फिल्म 'जटाधरा' के संगीत निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा का अनोखा अंदाज फैंस को पसंद आ रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इंतजार खत्म, जटाधार की पौराणिक कथाओं और दृश्यों से भरपूर इस अद्भुत नजारे के गवाह बनिए। सुधीर बाबू, सोनाक्षी सिन्हा और भगवान शिव की एक झलक पर्दे पर चार चांद लगा देगी। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने एक बार फिर भारतीय सिनेमा को नई परिभाषा दी है। टीजर 8 अगस्त को रिलीज किया जाएगा।' इस पोस्टर से पहले फिल्म 'जटाधरा' से सोनाक्षी का लुक महिला दिवस के दिन सामने आया था। इस लुक को सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था और कैप्शन में लिखा, 'इस महिला दिवस पर जटाधरा में शक्ति और सामर्थ्य का एक प्रकाश स्तंभ उभर रहा है।' फिल्म 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर है, जिसमें भारतीय पौराणिक कथाओं को रोमांचक दृश्यों और डार्क फैंटेसी के साथ जोड़ा गया है। पोस्टर में त्रिशूल, गरजते बादल, भगवान शिव की छाया, और सोनाक्षी सिन्हा का रोद्र रूप दिखाई दे रहा है, जो कहानी को और रहस्यमयी बनाता है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी यह फिल्म शानदार वीएफएक्स का वादा करती है। इसका टीजर 8 अगस्त, 2025 को रिलीज किया जाएगा।

### भोजपुरी

## खेसारी का रक्षाबंधन पर 'अग्निपरीक्षा' फिल्म का 'बहिनी के प्यार' गीत रिलीज



अगस्त का महीना आ गया है। इसी महीने है भाई-बहन के प्यार का त्यौहार रक्षाबंधन। इस त्योहार को और स्पेशल बनाने खेसारी लाल यादव ने अपना नया गाना रिलीज किया है। खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अग्निपरीक्षा' की तैयारियों में व्यस्त हैं। 'बहिनी के प्यार' नाम के इस गाने में त्योहार के सेलिब्रेशन के साथ भाई-बहन के प्यार को दिखाया गया है। खेसारी लाल यादव अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी फैंस के बीच लोकप्रिय हैं। अक्सर उनके रोमांटिक गाने रिलीज होते हैं, मगर आज उन्होंने रक्षाबंधन फेस्टिवल स्पेशल गाना दर्शकों को दिया है, जिसमें भाई-बहन के रिश्ते की खूबसूरती को दिखाया गया है। 'बहिनी के प्यार' गाने को खेसारी लाल यादव और राज नंदिनी ने गाया है। इसके बोल कुंदन प्रीत ने लिखे हैं। यह गाना खेसारी लाल यादव और ऋतु चौहान पर फिल्माया गया है। यह गाना सुर म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अब तक गाने को डेढ़ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। 'बहिनी के प्यार' फिल्म 'अग्निपरीक्षा' का दूसरा गाना है। इससे पहले फिल्म का 'अहिरान' रिलीज किया गया था। इस गाने ने खूब धूम मचाई। बता दें कि 'अहिरान' गाने में खेसारी के साथ अकांक्षा पुरी और चाहत सिंह नजर आईं। खेसारी लाल यादव की फिलम 'अग्निपरीक्षा' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। हालांकि, इसकी रिलीज डेट को लेकर अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### परंपरा को सहेजने

### लाइफ स्टाइल



फ़ैशन डिज़ाइनों की सांस्कृतिक विरासत में किसी खास डिज़ाइन को स्टाइलिश ढंग से उकेरा जाता है। दुनिया भर के डिज़ाइनर के बीच पुराने सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत करने का ट्रेंड जोरों पर चल रहा है। जिसमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले रूपांकनों, कपड़ों और तकनीकों का उपयोग कर अन्य संस्कृतियों से भी सीखते हैं। भारत में भी फैशन डिजाइनर इस ट्रेंड के साथ चल रहे हैं।

## चेहरे की ड्राईनेस कर रही है परेशान तो ट्राई करें जरूरी स्किन केयर टिप्स

चेहरे की ड्राईनेस को कम करने के लिए जरूरी है कि आप सही स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। साथ ही, चेहरे पर सही चीजों का इस्तेमाल भी करने को मिल जाता है। मौसम बदलते ही स्किन ड्राई और बेजान हो जाती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह सिर्फ हवा नहीं, बल्कि आपकी छोटी-छोटी लापरवाहियां भी हो सकती हैं? डर्मेटोलोजिस्ट स्वाति ने कुछ ऐसे स्किन केयर टिप्स के बारे में बताया। जिसे ट्राई करके आप भी अपनी स्किन की ड्राईनेस को कम कर सकते हैं। साथ ही, चेहरे की रंगत को निखार सकते हैं।



### इंस्टेंट नहीं चेहरे को दें डीप हाइड्रेशन

चेहरे पर ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिसमें हायल्यूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन और सेरामाइड्स हों। ये स्किन की डीप लेयर्स तक जाकर उसे लंबे समय तक हाइड्रेट रखते हैं। साथ ही, चेहरे ग्लो अलग से नजर आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही मॉइश्चराइजर को सही तरीके से चेहरे पर अप्लाई करें।

### नाइट केयर रूटीन को इग्नोर न करें

सोने से पहले स्किन को अच्छे से क्लीन करके एक हाइड्रेटिंग सीरम, फेस ऑयल और नाइट क्रीम लगाएं। यह स्किन की रिपेयरिंग में मदद करता है। साथ ही, चेहरे का ग्लो बढ़ाता है। आपको इसे कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए अपने एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकते हैं, ताकि आपकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### चेहरे पर फेस मिस्ट का करें इस्तेमाल

दिनभर में स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए चेहरे पर एलोवेरा या गुलाब जल वाला फेस मिस्ट स्प्रे करें। ये स्किन को तुरंत हाइड्रेट करता है। साथ ही, चेहरे पर ग्लो बढ़ाता है। आप इसे बनाने के बाद स्टोर करके फ्रीज में रखें, ताकि आपकी स्किन का ग्लो बना रहे।

चेहरे की ड्राईनेस कर रही है परेशान तो इसके लिए आप स्किन केयर का खास ध्यान रखें। चेहरे पर ज्यादा चीजों का इस्तेमाल न करें। केमिकल प्रोडक्ट से भी स्किन खराब हो सकती है।

## राखी पर यंग गर्ल्स स्टाइल करें कुछ ऐसे पटियाला सलवार-सूट



यदि आप भी राखी पर अपना लुक फैशनेबल बनाना चाहती हैं, तो आज हम आपको कुछ पटियाला सलवार-सूट के डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं। जिनको यंग गर्ल्स स्टाइल कर सकती हैं। रक्षाबंधन का त्योहार हर भाई-बहन के लिए बेहद खास होता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के साथ खूब सजती-संवरती हैं। ऐसे में आपने भी अगर रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन आप अभी तक अपने लुक को लेकर कंफ्यूज हैं, तो आज हम आपको पटियाला सलवार-सूट के डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप भी आइडिया लेकर अपना लुक फैशनेबल बना सकती हैं। वैसे तो पटियाला सूट पंजाबी क्लचर की पहचान है, लेकिन आज हर कोई इन्हें पहनना पसंद कर रहा है। पटियाला सूट कैरी करने के बाद आपकी पर्सनॅलिटी काफी निखर जाती है। यह आपके लुक को परफेक्ट ट्रेडिशनल टच देते हैं। यंग गर्ल्स पटियाला सूट को काफी पसंद भी करती हैं। ऐसे सूट कैरी करने में काफी आरामदायक होते हैं। पटियाला सूट एवरग्रीन सूट की कैटेगरी में आते हैं। यदि आप भी इस राखी अपना लुक अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आइए एक नजर डाल लेते हैं लेटेस्ट पटियाला सूट डिजाइंस पर जिनसे आप भी आइडिया ले सकती हैं।



### रेड पटियाला सूट

यदि आप इस रक्षाबंधन अपना लुक गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो रेड कलर का यह पटियाला सूट आपके लिए बेस्ट रहेगा। इसको कैरी करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। रेड कलर का यह प्लेन पटियाला सूट आपके राखी लुक को अट्रैक्टिव बना देगा। इस सूट के दुपट्टे पर सिल्वर कलर की लेस लगी हुई है। यह लेस किनारों से लेकर पूरे दुपट्टे पर लगी हुई है। ऐसे में सूट का ऑल ओवर लुक काफी गॉर्जियस लग रहा है।

## टूटकर पतले हो गए हैं बाल तो इस हेयरपैक का करें इस्तेमाल

मानसून के मौसम में नमी और पसीने की वजह से बालों की जड़े कमजोर हो जाती है। इससे हेयर फॉल की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा नजर आती है। आप इसके लिए घर की चीजों का बालों में इस्तेमाल करें।



### क्यों फायदेमंद है मेथी और कलौंजी का हेयर पैक?

प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड होता है जो बालों की ग्रोथ बढ़ाता है, डैंड्रफ और स्कैल्प इन्फेक्शन को कम करता है। बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है। वहीं कलौंजी में एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है। ऐसे में बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। इसलिए आप इन दोनों चीजों का हेयर पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।

### हेयर पैक बनाने का तरीका

इसके लिए आपको मेथी दाने और कलौंजी को रातभर पानी में भिगो देना है। अगली सुबह इन दोनों को पीसकर एक स्मूद पेस्ट बना लें। इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें।इस पैक को बालों से लेकर जड़ों तक अप्लाई करें। इस पैक को 30 मिनट तक बालों में लगा रहने दें। फिर शैंपू से बालों को साफ कर लें। इससे आपके बालों के टूटने की समस्या कम हो जाएगी।

### इन बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप हेयर फॉल प्रॉब्लम को कम करना है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। हेयर पैक का इस्तेमाल हफ्ते में 1 बार ही करें, ताकि आपको किसी तरह की कोई प्रॉब्लम न हो।

## हाथों की खूबसूरती बढ़ाएंगे फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइंस

हाथों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि आप नेल आर्ट डिजाइंस को अलग तरह से क्रिएट करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अलग तरह के डिजाइन वाले नेल आर्ट से आपके हाथों की रौनक दोगुनी हो जाएगी।



### 3 डी डिजाइन फ्लोरल नेल आर्ट

आप अपने हाथों की रौनक को बढ़ाने के लिए 3 डी डिजाइन वाले नेल आर्ट को करा सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट से हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसके लिए आपको बस डिजाइन को पसंद करके इसे नाखूनों पर क्रिएट करवाना है। इसके बाद जेल नेल कलर से इसे सेट करना है। इससे नाखूनों पर यह नेल आर्ट काफी अच्छी लगेगी। इसे करवाने के लिए आपको थोड़े ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

### हाफ फ्लोरल डिजाइन वाला नेल आर्ट डिजाइन

अगर आपके हाथ सिंपल अच्छे नजर नहीं आ रहे हैं, तो ऐसे में आप हाफ फ्लोरल डिजाइन नेल आर्ट को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट से आपके हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसमें हाफ फ्लावर डिजाइन को क्रिएट किया जाता है। साथ ही, इसके बेस कलर को लाइट रख जाता है। इससे नाखून अच्छे नजर आते हैं। इसे भी आप अपने हाथों में करा सकते हैं।

### सिंपल फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

नाखूनों पर आप सिंपल फ्लोरल नेल आर्ट को करा सकते हैं। इस तरह के नेल आर्ट से आपके हाथ सुंदर नजर आएंगे। इसमें पेंटिंग डिजाइन में फूलों को क्रिएट किया जाएगा। इसके बाद इसमें रंग भरे जाएंगे। इससे हाथों में यह काफी अच्छा लगेगा।

### कार्नर न्यूज

### ग्लैमर के चक्कर में हेयर स्टाइल को न भूल जाएं

## आउटफिट के हिसाब से बनाईए अपनी हेयर स्टाइल, सबसे अलग हो जाएगा आपका लुक

जिस तरह से आउटफिट के हिसाब से मेकअप और ज्वेलरी कैरी की जाती है, ठीक उसी प्रकार से आउटफिट के हिसाब से ही हेयर स्टाइल भी बनाई जाती है। सही हेयर स्टाइल की वजह से ही आपका लुक पूरा लगता है। वहीं अगर आउटफिट के हिसाब से हेयर स्टाइल न बनाया जाए तो लुक देखने में अजीब भी लगता है। यही वजह है कि फैशन के लिए अब महिलाएं अलग-अलग हेयर स्टाइल ट्राई करती रहती हैं।

पर, क्या आप जानती हैं, कि कुछ हेयर स्टाइल भले ही आपके लुक को अच्छा दिखाएं, लेकिन उनकी वजह से आपके बाल तेजी से झड़ने लगेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही हेयर स्टाइल्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ज्यादा बनाने के हेयर फॉल तेजी से बढ़ता है।



### स्लीक पोनीटेल

आजकल महिलाएं और युवा लड़कियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ स्लीक पोनीटेल बनाना पसंद करती हैं। स्लीक पोनीटेल में पहले तो बालों को अच्छी तरह से खींचा जाता है, और फिर उसपर रबड़ लगाया जाता है। ऐसा करने के बाद स्लीक पोनीटेल बनती है। ये हेयर स्टाइल बालों की जड़ों पर दबाव डालती है, जिससे जड़ें कमजोर होती हैं।

### स्लीक बन

इस तरह का स्लीक बन भी बालों को जड़ों से कमजोर बनाता है। स्लीक बन बनाने के लिए पहले तो बालों में जेल लगाकर अच्छी तरह से उसे खींच कर सेट किया जाता है और फिर इससे जूड़ा बनाया जाता है। इसे सही से सेट करने के लिए खूब सारी जूड़ापिन का इस्तेमाल किया जाता है। इसी वजह से इस कारण भी बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और फिर हेयर फॉल बढ़ जाता है।

### कॉर्नरो ब्रैड्स

ये हेयर स्टाइल वैसे तो विदेशों में ज्यादा प्रचलित है, लेकिन अब इसका ट्रेंड भारत में भी देखने को मिल रहा है। कॉर्नरो ब्रैड्स में बालों को जड़ों से गूंथा जाता है। इस हेयर स्टाइल में बालों को कई भागों में बांटा जाता है। जिस कारण जड़ों पर अत्याधिक दबाव पड़ता है। यदि आपको भी कॉर्नरो ब्रैड्स पसंद हैं तो सोच-समझ कर ही इसे ट्राई करें। इसकी वजह से भले ही आपका लुक अच्छा दिखे, लेकिन इसकी वजह से बालों का झड़ना आपको परेशान कर सकता है।

### टाइट चोटी

ये हेयर स्टाइल अक्सर महिलाएं और लड़कियां तब कैरी करती हैं, जब वो घर पर रहकर ही बालों में तेल लगाती हैं। तेल लगाने के बाद वो अपने बालों को टाइट से एकत्रित करके चोटी को गूंथ लेती हैं।

